CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, बुधवार 27 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी पेज 2



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को आठ मेडल खेल टाइम्स



एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा सम्पादकीय




ट्रम्प ने चार बार किया फोन, मोदी ने नहीं की मन की बात: जर्मन पत्रिका पेज़ 12

### दिल्ली दंगे: अदालत ने छह व्यक्तियों को बरी किया, पुलिस को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को 'कुचलने' के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से दंगा और आगजनी में शामिल भीड़ का हिस्सा होने के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने 25 अगस्त को 41 पृष्ठों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट है कि आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला गढ़ा गया और अभियोजन पक्ष का गवाह हेड कांस्टेबल विकास, जो मामले का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी है, इन आरोपियों के खिलाफ गवाही के संबंध में पूरी तरह से अविश्वसनीय है।

### हत्या के इरादे से की गई घरेलू हिंसा बेहद गंभीर: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसले में कहा कि मर्डर करने के इरादे से की गई घरेलू हिंसा के अपराधों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैवाहिक संबंध ऐसे मामलों में अपराध को कम करने वाला कारक नहीं हो सकता है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को जमानत दिए जाने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। मृतका के भाई की ओर से की गई शिकायत पर केस दर्ज हुआ, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। जमानत याचिका से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सवर्णा कांता शर्मा ने कहा कि घरेलू हिंसा के अपराधों को, जिनमें हत्या किए जाने का भी इरादा हो, गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में वैवाहिक संबंध को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं, बल्कि गंभीर बनाने वाला माना जाएगा। कोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) की धारा 307 और 506 तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25, 27, 54 और 59 के तहत दर्ज एक मामले में जमानत की मांग करने वाली एक आरोपी द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रहा था।

### श्रमिकों की मृत्यु के मामले में दिल्ली सरकार तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक इमारत ढहने की घटना में कथित तौर पर तीन श्रमिकों की मृत्यु के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम के आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है जिनमें बताया गया था कि 20 अगस्त को यहां दरियागंज इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला भवन का एक हिस्सा गिरने से तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बच गए। सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। खबरों के अनुसार इस दुर्घटना के समय लगभग 15 श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। भवन के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि यदि जानकारी सही है, तो यह मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

## सुरक्षित रखे गए फैसले सुनने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**नई दिल्ल।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालयों द्वारा फैसले सुनाने में की जा रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे बेहद चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक रवैया बताया है।



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 2008 से लंबित एक आपराधिक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने वाली रवींद्र प्रताप शाही द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। इस अपील पर 24 दिसम्बर, 2021 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे मामले को दूसरी पीठ के समक्ष रखा गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि शीघ्र निपटारे के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उच्च न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया।

## नौसेना में शामिल हुए आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि

**मुंबई, वार्ता**

- दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे
- ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस

**इंडियन नेवी** को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे।

इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत



सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है। आईएनएस उदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।

### भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं

# शांति चाहिए, तो युद्ध को तैयार रहें: CDS

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।

जनरल चौहान मध्य प्रदेश के डा. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए, उन्होंने देश के लिए एक सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो 'ढाल और तलवार', दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विविध क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। महान विचारक कौटिल्य का हवाला देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है, हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: जनरल चौहान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे, इनमें से ज्यादातर पर काम चल रहा है, कुछ को लागू भी किया जा चुका है।

यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि हम यहां ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने नहीं आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के परे की चीज़ों पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। हम एक शांति-पसंद राष्ट्र हैं, लेकिन गलत मत समझिए, हम सिर्फ अहिंसावादी नहीं हो सकते। मेरी सोच में बिना शक्ति के शांति सिर्फ एक आदर्शवाद है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहता हूं, जिसका मतलब है अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस सेमिनार में हम सुदर्शन चक्र की चर्चा कर सकते हैं, यानी भारत का अपना आयरन डोम या गोल्डन डोम।



कहा: सभी क्षेत्रों में निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रियाएं देना ही जंग में जीत की कुंजी

## जमीयत की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मदरसे सील करने का मामला**

- राज्य सरकार को छह हफ्ते के भीतर जवाब दाखि़ल करने का निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी
- मदरसे बंद करने की मुहिम, मुसलमानों को संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देने की एक बड़ी साजिश: अरशद मदनी

**नई दिल्ली/नैनीताल।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन चीफ़ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने मदरसों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे।

अदालत ने यह भी कहा था कि जब तक अदालत की ओर से आगे कोई आदेश जारी नहीं होता, तब तक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अगर कोई नया नोटिस या आदेश जारी किया जाएगा, तो उस पर भी रोक लागू मानी जाएगी। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तराखंड आदि में मदरसों के खिलाफ अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही। इसी के विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 14 मई 2025 को जमीयत उलमा-ए-हिंद को उत्तराखंड हाईकोर्ट से अपील करने का निर्देश दिया था। इस पर अमल करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी इस याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2016 में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही गैर -शेष पृष्ठ दो पर

## 5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण घोटाले में कसा शिकंजा

- ईडी ने 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'आप' के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी।

### हाईकोर्ट ने योगी पर आधारित फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी के जीवन पर कथित रूप से आधारित एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही न्यायालय ने सीबीएफसी को निर्देश दिया है कि वह फिल्म 'अजेय' को बिना किसी कट या संशोधन के प्रमाणन प्रदान करे। खंडपीठ ने फिल्म देखने के बाद अपने आदेश में कहा था कि हमने फिल्म को उसके संदर्भ में देखा है और हमें नहीं लगता कि इसमें किसी भी चीज़ को दोबारा संपादित करने की ज़रूरत है।

## मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति के समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। साल 2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया। इसका सीधा और सरल जवाब है कि 'वोट चोरी' करवाने के लिए ऐसा किया जाता है।



- कहा: मुख्य चुनाव आयोग के चयन में विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनते पीएम

### चोर की तरह वोट चोरी कर भाजपा खामोश: राहुल गांधी

**मधुबनी।** आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था।

## दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी: मोदी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है।

ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। इस कार में 49 किलोवाट घंटा और 61 किलोवाट घंटा के दो बैटरी पैक




- प्रधानमंत्री ने मारुति की पहली ईवी कार को झंडी दिखाई
- गुजरात प्लांट से दुनिया के 100 देशों को निर्यात होगी

ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक एसयूवी का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा।

## वैष्णो देवी में अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, छह की मौत

- 14 घायल, यात्रा रुकी, जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी, गाड़ियां गिरीं

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में छह लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने मजदूरों की मौत पर लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से तीन मजदूरों की मौत की घटना संबंधी मीडिया की रिपोर्ट पर स्वत संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए हैं। मीडिया के अनुसार 20 अगस्त की इस घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बचे। मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने समाचार रिपोर्ट की विषयवस्तु की जांच की है और यदि यह सत्य है, तो मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग ने मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त और मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अशोक विहार थाने में तैनात आरोपी हेड कांस्टेबल राज कुमार मीणा के खिलाफ 25 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी हेड कांस्टेबल ने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये रिश्वत की मांग की। बात. चीत के बाद आरोपी हेड कांस्टेबल शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया।

### लखनऊ में रोजगार महाकुंभ-2025 के शुभारंभ पर बोले सीएम योगी

# युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा।

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।



■ कोई भी कंपनी या नियोक्ता नहीं कर सकेगा कर्मचारी का शोषण

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है।

### अटल विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी पोर्टल शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन, शैक्षणिक निगरानी, स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्वित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था।

# यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ, वार्ता

■ एमके बशाल, प्रशांत कुमार, उपेंद्र अग्रवाल को मिली नई जिम्मेदारी

यूपी पुलिस में पांच सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें भारतीय पुलिस सेवा के एमके बशाल, जय नारायन सिंह, प्रशांत कुमार द्वितीय, उपेंद्र कुमार अग्रवाल और सतेंद्र कुमार शामिल हैं।

आईपीएस एमके बशाल, पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कारपोरेशन लि. की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, अब वो पुलिस महानिदेशक/महासमादेष्टा, होमगार्ड, उप्र, तैनात किए गए हैं। आईपीएस जय नारायन सिंह, आईपीएस आरआर 1994 अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीसी सीतापुर पद पर तैनात थे। अब वह अपर पुलिस महानिद. ेशक, उप्र पॉवर कार्पोरेशन लि. होंगे। वहीं आईपीएस प्रशान्त कुमार अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र पद पर थे, अब वो अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र के साथ-साथ अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उप्र का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसके साथ ही आईपीएस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल अब तक पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय थे, अब वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, मुख्यालय, उप्र पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही आईपीएस सतेन्द्र कुमार अब तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रतीक्षारत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पद पर तैनात थे,वह अब पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग आगरा में तैनात होंगे।

# उप राष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं संवैधानिक: सुदर्शन रेड्डी

लखनऊ, वार्ता

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है और गठबंधन में शामिल दलों का समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं बल्कि संवैधानिक है और वह संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा है। जस्टिस रेड्डी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी संवैधानिक यात्रा 1971 में बार एसोसिएशन से शुरू हुई और वह आज भी संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश को विश्वास दिलाता हूं कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति मेरी यात्रा जारी रहेगी। यह संवैधानिक पद है और इस पद को सर्वपल्ली राधाकृष्णन डा. जाकिर हुसैन के आर नारायण, हामिद अंसारी ने इस पद को सुशोभित किया है। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लोहिया और नेताजी से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष ने उन पर विश्वास करके उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान संविधान संशोधन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इसको लेकर जेपीसी गठित हो गई है।

### इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, मांगा समर्थन



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को चुनाव में सांसदों के समर्थन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थित सांसदों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन मांगा। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षक होंगे सम्मानित, सूची जारी

**लखनऊ।** पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार व राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव के स्तर से शिक्षकों की जारी सूची में मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्त, आर्य महिला इंटर कॉलेज वाराणसी की छाया खरे, महर्षि दयानंद विद्यापीठ गाजियाबाद की कोमल त्यागी का चयन किया गया है। इसी तरह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी वाराणसी के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य चमन जहां व अन्य का नाम शामिल है।

# बड़े सपने देखें और जिज्ञासु बनें: शुभांशु

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की कक्षाओं से लेकर अंतरिक्ष की विशालता तक की अपनी अविश्वसनीय यात्रा को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने एवं जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएमएस ने मुझे अनुशासन, धैर्य और कल्पनाशक्ति जैसे मूल्य दिए, जिन्होंने हर चुनौती में मेरा मार्गदर्शन किया। अपने विद्यालय लौटकर मैं बेहद प्रसन्न हूं। यही वे कक्षायें हैं, जहां मैंने शिक्षा पाई थी। शिक्षकों को नृत्य व आनंद मनाते देखना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा-1



■ सीएमएस में बच्चों के साथ साझा किया अपनी यात्रा का अनुभव

पहुचे शुभांशु ने स्कूल में शक्स कोर्टयार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कामना मिश्रा भी उनके साथ थी।

शुभांशु ने इसी शाखा से अपनी पढ़ाई की है। शुभांशु ने यहीं पर भविष्य के सपनों को संजोया था और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन सपनों को कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से साकार किया। 'शक्स कोर्टयार्ड' अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें मेकरस्पेस, रोबोटिक्स लैब, स्टूडियोपॉड और एम्फीथियेटर शामिल हैं। यह जीवंत केन्द्र विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा प्रायोगिक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर शुभांशु ने सीएमएस छात्रों द्वारा निर्मित सामाजिक उपयोगिता के मॉडलों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनके रचनात्मक मॉडलों एवं अभिनव डिजाइनों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगली बार जब वे आएंगे, तब तक इनमें से कई उपयोगी विचार वास्तविक रूप ले चुके होंगे और समाज को लाभ पहुंचा रहे होंगे। समारोह में बोलते हुए डा. भारती गांधी ने कहा कि हमें अपने ऐसे पूर्व छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने शिक्षा से ऊचाइयां छूईं और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 849 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 258.52 अंक की लुढ़ककर 81,377.39 अंक पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। इसका उच्चतम स्तर 81,450.28 अंक रहा। अंतिम घंटे में बिकवाली ज्यादा होने से यह 80,685.98 अंक तक उतरकर अंत में 849.37 अंक (1.04 प्रतिशत) नीचे 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी.50 भी 68.25 अंक गिरकर 24,899.50 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 24,919.65 अंक और निचला स्तर 24,689.60 अंक रहा। कोराबार की



समाप्ति पर यह 255.70 अंक लुढ़ककर 24,712.05 अंक पर रहा। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाए गए 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। बिकवाली चौतरफा रही और एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, स्वास्थ्य, रियलिटी, आईटी, धातु, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक 0.41 प्रतिशत से 2.24 प्रतिशत तक टूट गये।

### आयात शुल्क की चिंता में प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे

**मुंबई।** अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 में एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमे. रिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। यह बिकवाली चौतरफा रही।

### चांदी 1.17 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत 392 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,16,133 रुपए पर था। वहीं 24 कैरेट सोने का दाम 339 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,665 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 30,805 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए पर पहुंच गया है।

# गेहूं महंगा, दालों में घटबढ़, खाद्य तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव स्थिर रहे, जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी में भी टिकाव रहा। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, वहीं खाद्य तेलों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेंटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 22 रिंगिट फिसलकर 4,470 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54.29 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,839. 45 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं दो रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती के साथ 2,838.27 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,293.31 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। सरसों तेल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी आठ रुपये चढ़ा। सूरजमुखी तेल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में 60 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-

9837333111, 9917200010

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शांति चाहिए...** भारतीय युद्धों के समुचित विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा पर बहुत कम साहित्य उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित होना होगा। सीडीएस ने आगे कहा कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए जगह बनाना है, जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं।

**जमीयत की...** रजिस्टर्ड मदरसों को गैर-क़ानूनी कहा गया है। याचिका में इस तथ्य को भी उजागर किया गया है कि राइट टू एजुकेशन (संशोधन) एक्ट 2012 में स्पष्ट रूप से मदरसों, वैदिक पाठशालाओं और इस प्रकार के अन्य धार्मिक शिक्षण संस्थानों को इस कानून से छूट दी गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान क़ायम करने और उन्हें चलाने का असीमित अधिकार मानते हुए, राज्य की दख़लंदाज़ी से सुरक्षा प्रदान की गई है। पिटीशन में यह भी कहा गया है कि उत्तराखंड में सिर्फ़ मदरसों को निशाना बनाना असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और दुर्भावना पर आधारित कार्रवाई है। सरकारी वकील ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि इस मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद को याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि जिन मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे मंगलवार को अदालत के सामने उपस्थित नहीं हैं। इस पर चीफ़ जस्टिस ने संजय हेगड़े से पूछा कि अदालत उनकी याचिका पर क्यों सुनवाई करे, क्योंकि वे सीधे तौर पर प्रभावित नहीं हैं। जिस पर संजय हेगड़े ने कहा कि यह मामला केवल मदरसों को बंद करने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से सरकार मनमानी कार्रवाई कर रही है उसके खिलाफ कोई भी अदालत का रुख़ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अल्पसंख्यकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों अनुच्छेद 14, 15, 19, 25, 26 और 30 का उल्लंघन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के कदम पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मज़लूमों को न्याय दिलाना और इंसानियत की बुनियाद पर बिना किसी भेदभाव के सेवा करना जमीयत उलमा-ए-हिंद का मिशन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद का गहरा रिश्ता मदरसों से है और हमारे सारे बुज़ुर्ग इसी से पढ़कर निकले हैं। असल में जमीयत उलमा-ए-हिंद, मदरसों की आवाज़ और उनका ज़ेहन है। सांप्रदायिक शक्तियां इस तारीख़ से अनजान हैं। यही मदरसों के उलमा थे, जिन्होंने तब आज़ादी का बिगुल फूंका जब पूरी क़ौम गहरी नींद में थी। मदरसों को हमारी (धड़कन) कहा जा सकता है और इन्हें गैर-क़ानूनी ठहराकर बंद करना हमारी जीवन रेखा को समाप्त करने की साज़िश है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसों को गैर-क़ानूनी बताकर कार्रवाई करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भी तौहीन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद इस साज़िश के खिलाफ एक बार फिर अपनी क़ानूनी जंग शुरू कर चुकी है, क्योंकि मदरसों की हिफाज़त दरअसल दीन की हिफाज़त है। यह मुहिम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक गंभीर हमला है।






# बी. सुदर्शन रेड्डी का लखनऊ में भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के उपराष्ट्रपति पद के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी-सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को लखनऊ पहुंचे, जहां उनका चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', सांसद प्रमोद तिवारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से सीधे नेहरू भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर जस्टिस रेड्डी का हजारों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। उन्होंने यहां महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा, प्रमोद तिवारी, किशोरी लाल शर्मा, इमरान मसूद, राकेश राठौर, तनुज पुनिया, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अखिलेश प्रताप सिंह और नकुल दुबे सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीति पर विचार. विमर्श किया। इस अवसर पर समा. जवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जिनका स्वागत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। बैठक में विधि विभाग के 4 आसिफ रिजवी रिंकू, शिक्षक प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार राय और प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, गयादीन अनुरागी, पूर्व महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, डॉ. सुधा मिश्रा, प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, अनुसुईया शर्मा, वीरेन्द्र मदान, डॉ. लालती देवी, प्रमोद सिंह, ओंकारनाथ सिंह, अरसी रजा, बृजेन्द्र सिंह, सुशीला शर्मा, डॉ. रिचा शर्मा कौशिक, निहारिक सिंह, मेहताब जायसी, अयूब सिद्दीकी और आलोक त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जस्टिस रेड्डी का अभिनंदन किया।

## वरिष्ठ समाजवादी नेता भगवती सिंह की 93 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में मंगलवार को वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री भगवती सिंह की तिरानबेवीं जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ तमनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री रेवती रमण सिंह ने और संचालन अधिवक्ता देवी बख्श सिंह ने किया।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि भगवती सिंह आजीवन समाजवादी विचारधारा और लो. कतंत्र के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि भगवती बाबू ने विकास को हमेशा प्राथमिकता दी और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया। बख्शी का तालाब क्षेत्र में उन्होंने अनेक शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की। अखिलेश यादव ने कहा कि आज शिक्षा संकट में है और लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है, जयंती के अवसर पर मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में भंडारा और कवि सम्मेलन, श्री चंद्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय में गोष्ठी तथा बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में हवन-पूजन का आयोजन किया गया।

# चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम की जांच में झूठी निकली बाल विवाह की सूचना

### लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक, कानूनी तरीके से हो रहा विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में चाइल्ड हेल्पलाइन को रविवार को एक संभावित बाल विवाह की सूचना मिली। सूचना पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम गौरीगंज स्थित बूढ़ी माता मंदिर पहुंची।टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सदस्य रुचि सिंह और रोशन लाल शामिल रहे। उनके साथ बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव और एएचटीयू टीम के शिवप्रसाद सिंह भी मौके पर मौजूद थे। टीम ने विवाह स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम ने लड़की और उसके परिवारजनों से पूछताछ की तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक है। लड़की के पिता ने भी बताया कि यह विवाह दोनों परिवारों की सहमति से तय हुआ है और लड़का. लड़की स्वयं इस रिश्ते के लिए राजी हैं।

टीम की रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि मामला बाल विवाह का नहीं है। इसके बाद परिवार को विवाह संबंधी कानूनी प्रावधानों और बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की गलतफहमी या विवाद उत्पन्न न हो।

# पत्नी से क्लेश में युवक ने दी जान

### चार दिन बाद घर से सड़ी हालत में मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पारिवारिक कलह और टूटते रिश्तों की कड़वाहट एक बार फिर दर्दनाक हादसे की वजह बनी।

राजधानी लखनऊ में एक युवक ने अवसाद और पत्नी से चल रहे विवाद के चलते अपनी नस काटकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा चार दिन बाद तब हुआ, जब मकान से बदबू आने लगी और पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। भीतर युवक का शव सड़ी.गली अवस्था में मिला, जिस पर कीड़े पड़ चुके थे। जानकारी के अनुसार राजधानी के पाश इलाके गोमती नगर के विराम खंड पांच की है! एम एन सी कम्पनी में काम करने वाला बीटेक इंजीनियर 42 वर्षीय अतुल तिवारी लंबे समय से पत्नी के साथ क्लेश में था और अलग रह रहा था। उसकी भांजी जो नोएडा में रहती है, कई दिनों से लगातार फोन करने पर भी संपर्क न होने से चिंतित हुई और उसने इसकी जानकारी परिवार को दी। सूचना पर युवक की मां सुधा तिवारी मौके पर पहुंचीं और पुलिस की मदद से दरवाजा खुलवाया गया। अंदर शव देख सभी स्तब्ध रह गए। मृतक के मामा अभयकुमार प्रतापगढ़ की रानीगंज सीट से विधायक रह चुके हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, जिसमें युवक ने हाथ की नस काटकर अपनी जान जी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के पीछे वैवाहिक विवाद को ही मुख्य कारण बताया जा रहा है। विस्तृत जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। पारिवा. रिक कलह से उपजी ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिनमें कभी पति पत्नी की हत्या कर देता है तो कभी पत्नी आत्महत्या कर लेती है। घरेलू रिश्तों में बढ़ते तनाव ने समाज के सामने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लखनऊ की यह घटना भी उसी गृहस्थी नामक जंजीर की एक टूटी कड़ी के रूप में सामने आई है।

# खाद संकट पर सपा का विरोध प्रदर्शन, विधानभवन कूच रोका गया

### धक्का-मुक्की के बाद बसों से इको गार्डन भेजे गए प्रदर्शनकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद की कमी और कालाबाज़ारी के आरोपों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता हाथों में हल लेकर विधानभवन की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया।

इस दौरान दोनों ओर से धक्का-मुक्की हुई और नारेबाज़ी तेज़ हो गई। अंततः पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बसों से इको गार्डन भेज दिया।



प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सहकारी समितियों पर किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। यूरिया और डीएपी की बोरी लेने के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन स्टॉक सामने आने से पहले ही कालाबाज़ारी में बेच दिया जाता है। उन्होंने कहा कि खेती बर्बाद हो रही है, फसलें सूख रही हैं और अन्नदाता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है और किसानों को राहत देने के नाम पर केवल कागज़ी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

विधानभवन की ओर कूच को रोकने के लिए पुलिस ने हजरतगंज क्षेत्र में भारी बैरिकेडिंग की थी। प्रदर्शनकारियों ने जैसे ही बैरिकेड हटाने का प्रयास किया, पुलिस से झड़प की स्थिति बन गई। नारे लगाते हुए कई कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए। कुछ ने प्रतीक स्वरूप हल अपने कंधों पर उठाकर सरकार की कृषि-विरोधी नीतियों का विरोध जताया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं को बसों में ठूंसकर इको गार्डन भेज दिया। इस बीच सरकार का पक्ष अलग रहा। सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। प्रमुख सचिव (सहकारिता) ने हाल ही में रहिमाबाद में निरीक्षण कर समिति कर्मियों को निर्देश दिए थे कि प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ दो बोरी खाद उपलब्ध कराई जाए और वितरण के लिए टोकन प्रणाली लागू की जाए। विभाग का दावा है कि समितियों पर पर्याप्त यूरिया स्टॉक मौजूद है और किसी भी स्तर पर संकट की स्थिति नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने डिजिटल व्यवस्था लागू करते हुए भुगतान प्रक्रिया को क्यूआर कोड आधारित बनाने की घोषणा की है ताकि कालाबाज़ारी और अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

# तिलोई मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक जय सिंह के निधन पर शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** तिलोई मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक जय सिंह के दु:खद निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है।

उनके निधन की सूचना मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित तथा तिलोई भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी दिवंगत के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सभी नेताओं ने नम आंखों से जय सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।जिला पदा. धिकारियों ने कहा कि जय सिंह जी ने संगठन को सशक्त बनाने में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई। उनका निधन संगठन और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सरल स्वभाव और समाजसे. वा के कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की।

# रोजगार महाकुंभ में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़

### सरकार की सकारात्मक पहल पर भारी पड़ी अव्यवस्था, असंतोष और नारेबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ में मंगलवार को हज़ारों की संख्या में बेरोजगार युवा उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इस महाकुंभ कीघोषणा की थी।

दावा किया गया था कि इसमें देश.विदेश की सौ कंपनियां शामिल होंगी और पचास हज़ार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार की इस पहल को लेकर बेरोजगारों में उत्साह था और हजारों की तादाद में उम्मीदवार अपने. अपने बायोडाटा और प्रमाणपत्र लेकर पहुंचे। लेकिन उमड़ी भीड़ इतनी भारी पड़ गई कि पुलिस और प्रशासन के पसीने छूट गए और जगह.जगह धक्का.मुक्की के हालात बन गए। रोजगार महाकुंभ का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना था। इसमें बीस विदेशी कंपनियों सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान मौजूद थे और लक्ष्य था कि प्रदेश के पचास हज़ार शिक्षित बेरो. जगारों को नौकरी के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के मौके पर कहा था कि प्रदेश की युवा शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उम्मीद में बेरोजगार रात से ही परिसर के बाहर कतारों में खड़े हो गए। लेकिन जब मंगलवार को भीड़ अनियंत्रित हो गई तो प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। जिला अधिकारी और पुलिस आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंचे और बैरिकेडिंग के जरिए हालात संभालने का प्रयास किया, मगर उम्मीदवारों की भारी संख्या के आगे सारी व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुईं। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उम्मीदवारों ने अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कई युवाओं ने शिकायत की कि स्टॉलों की सही जानकारी नहीं मिल रही थी, कहीं जर्मनी में नौकरी मिलने की बात कही गई तो कहीं दुबई भेजने की चर्चा सामने आई। इस भ्रम ने माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया। भीड़ की धक्कामुक्की के बीच अनेक युवाओं के बायोडाटा और प्रमाणपत्र जमीन पर बिखर गए और नालों तक में जा गिरे। यह दृश्य बेरोजगारों की व्यथा और बेरोजगारी के गहराते संकट का आईना बनकर सामने आया। हालांकि रोजगार महाकुंभ का सकारात्मक पहलू यह रहा कि सरकार ने पचास हज़ार रोजगार का लक्ष्य तय किया और इसमें विदेशी कंपनियों को भी जोड़ा। यह प्रयास अपने आप में सराहनीय माना जा सकता है।

# आयुष समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिला आयुष समिति की एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कक्ष, विकास भवन में हुई।

बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटरों तथा निर्माणाधीन चिकित्सालय भवनों के संबंध में समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पार्कों में योग के संबंध में महावीर पार्क तथा सरोजनी पार्क में प्रातः कालीन एवं सांयकालीन वेला में योग कराने तथा उसके प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परियोजना निद. ेशक, जिला पंचायत राज अधिक. ारी, उपजिलाधिकारी सदर, अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक, नीमा प्रतिनिधि डॉ. यू.सी. दीक्षित, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. गीता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष अम्बुज कुमार सहित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने बी. सुदर्शन रेड्डी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी राज्य मुख्यालय में इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी का शाल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति पद के लिए एक न्यायमूर्ति से बेहतर विकल्प कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज जब देश न्याय और संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रहा है, तब न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी इस लड़ाई के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि न्यायमूर्ति रेड्डी संविधान, कानून, न्याय, अधिकार और विच. ारधारा के पक्षधर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जो लोग न्याय और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े हैं, वे अंतरात्मा की आवाज पर हमारे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालेंगे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह उपराष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद को एक विशेष विचारधारा तक सीमित करना चाहती है, जो देशहित में नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव हार.जीत का नहीं, बल्कि सिद्धांत का है। उन्होंने दावा किया कि जब अंतरात्मा की आवाज पर वोट डलेंगे, तब न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी ऐतिहासिक मतों से विजयी होकर उपराष्ट्रपति पद पर आसीन होंगे।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि विपक्षी दलों ने उन पर विश्वास जताकर उन्हें उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया है, इसके लिए वे सभी के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि न केवल इंडिया गठबंधन के दल बल्कि अन्य दल भी इस चुनाव में समर्थन के लिए आगे आ रहे हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि वे उत्तर प्रदेश आए हैं ताकि सांसदों से मिलकर समर्थन मांग सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय किसी राजनीतिक दल का दफ्तर नहीं, बल्कि एक उच्च संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि संविधान के साथ उनकी यात्रा सन् उन्नीस सौ इकहत्तर में बार से शुरू हुई थी और यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि वे उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल भी मौजूद रहे।

# जयशंकर त्रिवेदी (मुन्ना त्रिवेदी) पुनः बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति जगदीशपुर की बैठक में इस वर्ष 2025 के लिए समिति के पदा. धिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से जयशंकर त्रिवेदी (मुन्ना त्रिवेदी) को पुन: अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर समिति सदस्यों व नगरवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।पिछले वर्षों में उनके नेतृत्व में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन भव्य और शालीनता के साथ संपन्न हुआ था। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि मुन्ना त्रिवेदी के कार्यकाल में व्यवस्था, अनुशासन और सामाजिक सहयोग की जो



मिसाल कायम हुई है, उसी का परिणाम है कि उन्हें लगातार दूसरी बार अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।चयन के बाद जयशंकर त्रिवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान और सेवा का अवसर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न होगा। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों व नगर के नागरिकों से सहयोग की अपील की।समिति सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांस्क्रतिक धरोहर को सहेजने का भी माध्यम है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी पूजा पंडाल में भक्ति.संगीत, सांस्क्र तिक कार्यक्रमों और सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# गठबंधन पर भरोसा रखे भाजपा, जीत अकेले की नहीं: डा. संजय निषाद

**लखनऊ/गोरखपुर।** कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने गोरखपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि निषाद पार्टी की जड़ें गोरखपुर से निकलीं और समाज का रिश्ता त्रेता युग से ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विचारधारा से जुड़ा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गोरखपुर और प्रदेश के कुछ नेता लगातार निषाद पार्टी और उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि समाज का आरक्षण दिलाने का निर्णय भाजपा की जिम्मेदारी है क्योंकि सत्ता केंद्र और प्रदेश दोनों जगह उसी की है। निषाद पार्टी सहयोगी के रूप में पूरी तरह प्रतिबद्ध है, मगर कुछ इम्पोर्टेड नेता केवल कुर्सी और सुरक्षा का लाभ उठाकर समाज को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में बाहर से आए नेताओं को यह जवाब देना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मछुआ समाज के आरक्षण की आवाज कितनी बार उठाई। संतकबीरनगर में प्रवीण निषाद की हार पर उन्होंने कहा कि इसका उत्तर भाजपा नेतृत्व के पास है।

## निलंबित किए गए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर मिश्रिख के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विजय नाथ को निलंबित कर दिया गया। उन्हें पशुपालन विभाग के मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई गोसंरक्षण में लापरवाही बरतने पर की गई है। पशुधन मंत्री ने नौ अधिकारियों की एक टीम भी गठित की है। इस मामले में आरोप है कि उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के संबंधित विकास खंड मिश्रिख, ऐलिया, गोंदलामऊ, सकरन आदि में संचा. लित विभिन्न गौशालाओं में अव्यवस्था थी। मृत गोवंशों के संबंध में जानकारी नहीं थी।

# कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकालकर जताया विरोध 'वोट चोर गद्दी छोड़' के लगाए नारे

**सिंहपुर (अमेठी)।** जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के दिशा.निर्देश पर सोमवार की शाम लगभग 6 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन्हौना चौराहे पर मशाल जुलूस निकालकर सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।जुलूस से पहले कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी के नेतृत्व में चौधरी वहाज के आवास (कोट) पर बैठक हुई।

बैठक का संचालन विधानसभा तिलोई प्रभारी सर्वेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से की गई। इसके




उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से कथित रूप से सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से की जा रही वोट चोरी के मामलों की जानकारी दी गई।जानकारी के बाद कांग्रेसजन कस्बे के इन्हौना चौराहे पर पहुंचे और 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते हुए मशाल जुलूस निकाला। कांग्रेसियों ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी।इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश त्रिवेदी, चौधरी वहाज, मो. सऊद, परमानन्द मिश्रा, सुन्दरलाल सेठ, वैभव मिश्रा, देवेन्द्र शुक्ला, राजकुमार वैभव सिंह, बुगगी खां, बाल बाजपेई, बृजेश त्रिपाठी, मो. लतीफ, तिलोई ब्लॉक अध्यक्ष काशी प्रसाद, मो. रऊफ, राजू गूजर, शैलेश मौर्या, कमाल अहमद, नंदकुमार पांडेय, विनय सरोज, तबरेज आलम, जितेन्द्र गुप्ता, राजकुमार शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 25 सितम्बर से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**डीएम ने बैठक में की तैयारियों की समीक्षा बैठक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो मार्ट के सभागार में तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा का विषय है। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी प्रगति पर लगातार नजर रख रहे हैं। इस संबंध में सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां ससमयानुसार पूरा करें। बैठक के दौरान उन्होंने ट्रैफिक और पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ट्रेड शो आने वाले आगंतुकों, व्यापारियों और विदेशी मेहमानों के लिए विशेष यातायात योजना तैयार की जाए। पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं और पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती हो। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम व पंपिंग सेट की विशेष व्यवस्था की जाए।



जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों से एक्सपो स्थल तक विशेष शटल बस सेवा चलाई जाए। साथ ही टैक्सी और ई-रिक्शा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी होटल और गेस्ट हाउस निर्धारित दरों से अधिक शुल्क न लें, इसके लिए निगरानी टीमें निरंतर निरीक्षण करेंगी और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की विविध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश के प्रमुख पारंपरिक व्यंजन एवं खानपान स्टॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश की खाद्य संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो व्यापक प्रचार-प्रसार व ब्रांडिंग की जाए। डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, होर्डिंग्स और अन्य माध्यमों से आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। वहीं जिलाधिकारी ने मोबाइल कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शो के दौरान नेटवर्क कनेक्टिविटी को दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त मोबाइल टावर व तकनीकी सहायता की व्यवस्था की जाए। जिससे किसी भी प्रकार की नेटवर्क समस्या न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आयोजन स्थल पर डॉक्टरों की विशेष टीम 24 घंटे उपलब्ध रहे। पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस व आपातकालीन सेवाएं तैनात की जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग को शो के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और बैकअप व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। फायर विभाग को निर्देश दिए गए कि पूरे परिसर में अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर, आपातकालीन निकासी मार्ग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं पूरी तरह से क्रियाशील स्थिति में रहें।

बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सियाराम वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ उदित नारायण पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाली करवाए जाएंगे सेक्टर-31 के जनता फ्लैट, टूटकर नए बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-31 के सी ब्लॉक स्थित 45 साल पुराने जनता फ्लैटों को प्राधिकरण खाली करवाएगा। प्राधिकरण ने रविवार रात यहां एक फ्लैट की छत गिरने के बाद 128 फ्लैटों को जर्जर घोषित कर दिया है। फ्लैटों को खाली कराने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। प्राधिकरण ने इन्हें तोड़कर रिडेवलपमेंट पॉलिसी के तहत फिर से बनवाने का निर्णय लिया है। अगली बोर्ड बैठक में पॉलिसी को विस्तार देने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके बाद नए फ्लैट बनाने के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रिडेवलपमेंट पॉलिसी के तहत इनमें रहने वाले मूल आवंटियों को समस्या नहीं होगी। जून में प्राधिकरण ने 30 साल से ज्यादा पुरानी सोसाइटियों के लिए पॉलिसी बनाकर बोर्ड से मंजूरी ली थी। पॉलिसी में यह नियम शामिल है कि चुना गया विकासकर्ता पुराने फ्लैटों में रहने वालों को नए फ्लैट बनाकर देने तक उनके रहने का बंदोबस्त करेगा। विकासकर्ता को एक निश्चित समय भी निर्माण के लिए दिया जाएगा। इस दौरान देरी होने पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। अभी शहर में बनी पुरानी सोसाइटी भूतल व दो या तीन तल की हैं। ये 1.5 फ्लोर एरिया रेशियो के साथ बनीं हैं। अब जो विकासकर्ता चुना जाएगा वह 3.5 एफएआर के साथ बनाएगा। इससे और ज्यादा फ्लैट बन सकेंगे। ज्यादा बनने वाले फ्लैटों को बेचकर विकासकर्ता अपना खर्च और मुनाफा निकालेगा।

रिडेवलपमेंट पॉलिसी में शर्त है कि परियोजना के लिए 70 प्रतिशत आवंटियों की सहमति जरूरी होगी लेकिन आपातकालीन स्थिति में यह प्रावधान है कि इमारत जर्जर होने पर उसे प्राधिकरण बलपूर्वक भी खाली करवा सकता है।

**दूसरी सोसाइटियों का भी होगा निरीक्षण:** प्राधिकरण ने यह भी फैसला लिया है कि शहर की अन्य सोसाइटियां जो 30 साल से ज्यादा पुरानी या जर्जर हैं उनका निरीक्षण करवाया जाएगा। यह निरीक्षण वर्क सर्कल व नियोजन विभाग करेगा। अधिकारियों ने बताया कि जो भी सोसाइटी जर्जर मिलेगी उसके पुनर्विकास की योजना बनाई जाएगी। पहले चरण में सेक्टर-71, 73 जनता फ्लैट श्रमिक कुंज सेक्टर-66, 93, 93 ए, 122 का निरीक्षण होगा। इसके बाद अन्य सोसाइटियों का भी प्राधिकरण निरीक्षण करवाएगा।

**निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने सौंपी रिपोर्ट:** छत गिरने के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने सोमवार को सेक्टर-31 जनता फ्लैट का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी है। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि देखरेख न होने से ये फ्लैट जर्जर हो गए हैं। अवैध निर्माण व अतिक्रमण भी है। वहीं, फ्लैट जर्जर घोषित किए जाने के बाद इनमें रहने वाले निवासी असमंजस में हैं। स्थिति यह है कि अधिकतर फ्लैटों में रह रहे लोग किरायेदार हैं। इन लोगों का कहना है कि अगर अचानक फ्लैट खाली करवाए गए तो उनके लिए परेशानी खड़ी हो जाएगी।

# डूब क्षेत्र में 105 करोड़ की जमीन कराई खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील की टीम ने मंगलवार को पर्थला खंजरपुर, नोएडा के डूब क्षेत्र में ग्राम सभा और अन्य जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। अफसरों का कहना है कि करीब 12 हेक्टेयर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 105 करोड़ रुपये है। डूब क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

एसडीएम दादरी अनुज नेहरा ने बताया कि पर्थला खंजरपुर के डूब क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन है। खसरा नंबर 151, 153 व 154 में अवैध निर्माण किया जा रहा था, जबकि डूब क्षेत्र की अन्य जमीन पर भी पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा था।

जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। करीब 12 हेक्टेयर जमीन को खाली कराया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 105 करोड़ रुपये है। पर्थला खंजरपुर के अलावा अन्य गांव के डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जल्द कार्रवाई होगी।

**आज सुथ्याना में चलेगा प्रशासन का बुलडोजर:** जिला प्रशासन आज सुथ्याना गांव के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाएगा।

जिलास्तरीय समिति मिलकर कार्रवाई करेगी। अफसरों ने बताया कि सुथ्याना गांव के चार खसरा नंबर पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है जिसे तोड़ा जाएगा। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेगा।

# कंचन के फोन में घटना से कुछ सेकंड बाद रिकॉर्ड हुआ वीडियो, पुलिस के साथ हाथ लगी अहम जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के निक्की हत्याकांड में रोजाना नए सीक्रेट खुल रहे हैं। पुलिस की जांच भी जारी है। पुलिस के सामने नए-नए वीडियो सामने आ रहे हैं। अब जांच में कासना पुलिस ने मृतक निक्की की बहन कंचन का मोबाइल फोन खंगाला है, साथ ही कंचन का बयान भी दर्ज किया है। मोबाइल जांच और बयान दर्ज कराने के दौरान पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

बहन कंचन ने पुलिस में बयान दर्ज करता हुए बताया कि सोशल मीडिया पर जो मारपीट का वायरल वीडियो है, वह इसी वर्ष 11 फरवरी का है, जबकि निक्की के जलने की घटना 21 अगस्त को हुई। जांच से यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि आग लगने वाला वीडियो पांच बजकर 45 मिनट पर रिकॉर्ड हुआ है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि निक्की पांच बजकर 44 मिनट पर आग में झुलसी। पुलिस इस समय के आधार पर आसपास के सीसीटीवी फुटेज, फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स (सीडीआर) और लोकेशन के जरिए जांच में जुटी है। पुलिस यह जानन की कोशिश में है कि घटना के समय घर में कौन-कौन मौजूद था।



निक्की, मृतक

**विपिन पर युवती ने दर्ज कराया था मुकदमा:** साल 2024 में निक्की ने विपिन को जारचा गांव की युवती के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। युवती ने पिछले साल जारचा थाने में विपिन के खिलाफ शारीरिक शोषण का केस भी दर्ज कराया था।

**आरोप, 35 लाख दहेज की थी मांग, निक्की को जला डाला:** दादरी के रूपवास गांव की निक्की की 27 दिसंबर, 2016 में सिरसा गांव के विपिन से शादी हुई थी। निक्की की बड़ी बहन कंचन की शादी विपिन के भाई से हुई है। पिता भिकारी सिंह का आरोप है कि ससुराल वाले 35 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर निक्की को परेशान करते थे। बृहस्पतिवार शाम विपिन ने मां दया के साथ मिलकर निक्की को जिंदा जला दिया था। गंभीर रूप से झुलसने पर महिला की बहन उसे पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गई, दो अस्पताल बदले, लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

**निक्की हत्याकांड के आरोपी ससुर और जेठ भी गिरफ्तार:** निक्की भाटी दहेज हत्याकांड में आरोपी ससुर सतवीर (55) और जेठ रोहित भाटी (30) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बाद से ही दोनों फरार थे। पुलिस ने सास दया, ससुर और जेठ को सूरजपुर स्थित कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पति विपिन भाटी पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

# खरीदारों का पैसा नहीं दिया, एसजेपी इंफ्राकॉन का कार्यालय सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील की टीम ने मंगलवार को खरीदारों का पैसा नहीं देने पर ग्रेनो वेस्ट स्थित एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर का कार्यालय सील कर दिया। बार-बार नोटिस के बाद भी बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा था। बिल्डर पर करीब 4.84 करोड़ रुपये बकाया हैं। अफसरों का कहना है कि कार्यालय सील करने के बाद भी अगर बिल्डर पैसा जमा नहीं करेगा तो संपत्ति कुर्क की जाएगी।

दरअसल, यूपी रेरा आदेश का पालन नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट जारी कर रहा है ताकि खरीदारों का पैसा बिल्डर से वापस दिलवाया जा सके। आरसी पर जिला प्रशासन की राजस्व टीम वसूली कर रही है। इसी के तहत एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर का कार्यालय सील किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर पर यूपी रेरा की 27 आरसी के करीब 4.84 करोड़ रुपये बकाया हैं। अब अगर बिल्डर ने पैसा जमा नहीं कराया तो वारंट जारी कर गिरफ्तारी व संपत्ति कुर्क की जाएगी। पूर्व में भी बिल्डर का कार्यालय आरसी का पैसा नहीं देने पर सील किया गया था। दादरी एसडीएम अनुज नेहरा का कहना है कि आरसी का पैसा नहीं देने वाले बिल्डरों से सख्ती के साथ वसूली की जा रही है। पैसा नहीं देने वाले बिल्डरों के कार्यालय सील किए जाएंगे।

# किसानों ने काम रोकने की चेतावनी दी

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा और जल दोहन आदि मुद्दों को लेकर भाकियू लोक शक्ति की ओर से रौनीजा गांव के पास अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्षयौराज सिंह ने कहा कि यीडा क्षेत्र में पेयजल बर्बाद किया जा रहा है। मांगों को लेकर किसान 29 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन शासन-प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहे। 28 अगस्त से यूनिवर्सिटी और फिल्म सिटी सहित अन्य निर्माण कार्यों को रोका जाएगा। धरना स्थल पर टीकम सिंह भाटी, ओमवीर सिंह, प्रदीप कुमार, हरिद्वार सिंह, अहमद खान, मनवीर भाटी, श्यौराज गौड, टिंकू भाटी, राजन भाटी, शैलेश कुमार, हरिओम भाटी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नोएडा मीडिया क्लब में गूंजा भक्ति भाव, हुआ सुंदरकांड का पाठ

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा मीडिया क्लब में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ बड़े ही श्रद्धाभाव से आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी और महासचिव जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में प्रभु श्रीराम और हनुमानजी की आराधना करते हुए रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ किया गया।

पंडितों द्वारा किए गए इस पाठ में प्रत्येक प्रसंग का वर्णन भक्तिमय ढंग से किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और भक्ति रस से सराबोर हो गया। आयोजन में कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता चन्दगीराम, अमित त्यागी, सुमित्रा हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वीके गुप्ता, सपा नेता बबलू चौहान समेत अनेक गणमान्य लोग और मीडिया क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर युवा शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा और उनकी पूरी टीम ने भी विशेष सहयोग किया। पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने हनुमानजी से सुख-समृद्धि व प्रगति की कामना की। नोएडा मीडिया क्लब का यह आयोजन भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बन गया।

### घर से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर ईटा वन में रहने वाले दो दोस्तों के मकान से मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी हो गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आदेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी मुकेश के साथ सेक्टर किराए के मकान में रहते हैं। सोमवार की शाम दोनों दोस्त घर के सामने बने पार्क में टहलने के लिए गए थे। घर की कुंडी बंद थी। इसी बीच किसी ने कुंडी खोली और अंदर घुसकर दोनों के मोबाइल, पर्स और घड़ी चोरी कर ली।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बादलपुर जीटी रोड पर धूम मानिकपुर गांव के पास ट्रक व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक शख्स की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल ग्रेनो के अस्पताल में उपचाराधीन है। ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुलंदशहर के जडौली गांव निवासी प्रशांत व रोहित परिवार के साथ रहते हैं। वह बाइक पर सवार होकर 25 अगस्त को गाजियाबाद से बुलंदशहर जा रहे थे। जीटी रोड पर धूम मानिकपुर गांव के समीप पहुंचे तो बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। इससे प्रशांत व रोहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोग पास के अस्पताल ले गए। दोनों की हालत बिगड़ती देख ग्रेनो के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अस्पताल में प्रशांत को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और रोहित को उपचार जारी है। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन ने ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में लगी है।

### विवाहिता की हत्या में पति समेत तीन को जेल भेजा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** रेलवे रोड पर विवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है । आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने गले में फंदा लगाकर महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद बुलंदशहर के थाना अहार की रहने वाली मनीषा की शादी मनोज शर्मा के बेटे शिवम शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहित पर दहेज के लिए दबाव बनाने लगे।

इस दौरान दोनों पक्ष में कई बार पंचायत भी हुई। शादी के एक साल बाद मनीषा ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बावजूद भी ससुराल पक्ष के लोगों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। आरोप है कि रविवार को मनीषा को फांसी देकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । थाना प्रभारी दादरी अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में पति शिवम, ससुर मनोज और सास चंचल को जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक के आधार पर की गई अद्यतन कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ड्रिंक एंड ड्राइव की घटनाओं व ड्रग्स एडिक्ट लोगों को चिन्हित करते हुए अलग से उनका डेटा बेस तैयार किया जाए, जिससे ऐसे व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल, कॉलेज या शिक्षण संस्थान के आसपास सिगरेट, गुटका अथवा अन्य नशीले पदार्थों की नियम विरुद्ध दुकान नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसी दुकानें पाई जाती हैं तो उन्हें तत्काल हटवाया जाए। संबंधित अधिकारियों को इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि सभी मदिरा दुकानों एवं विशेष रूप से रेस्टोरेंट बार में यह सुनिश्चित किया जाए कि 21 वर्ष से कम आयु के युवाओं को किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री न हो। इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अवैध नशे के कारोबार एवं खपत पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, आबकारी और प्रशासन की संयुक्त टीम गठित की जाए, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाए। विशेषकर स्कूलों, कॉलेजों व ग्राम स्तर तक लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाए, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके।

साथ ही निर्देश दिए कि जनपद में व्यापक अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कोई भी बार बिना लाइसेंस के संचालित न हो, यदि बिना बार लाइसेंस के बार संचालित होता पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार,एसीपी कल्पना गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ श्वेता खुराना एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# साढ़े पांच लाख वाहन चालकों के दस्तावेजों में नंबर अपडेट नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में करीब पांच लाख दस्तावेजों में मोबाइल नंबर अपडेट न होने की वजह से परिवहन विभाग को समस्या आ रही है। अधिकारी न तो किसी को चालान जारी कर पा रहे हैं और न ही अन्य जानकारियां साझा कर पा रहे हैं। अब विभाग ने गाइडलाइन जारी कर संबंधित वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि या तो वह नंबर अपडेट करा दें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिले में कुल 11.50 लाख वाहन हैं। इनमें से आठ लाख वाहनों ने ही नंबर अपडेट कराया हुआ है। 3.50 लाख आरसी अभी भी अपडेशन की राह देख रही हैं। वहीं, 11.92 लाख वाहन चालकों के नाम पर ड्राइविंग लाइसेंस बने हुए हैं। इनमें से करीब 10 लाख लोगों ने नंबर अपडेट कराया हुआ है। 1.92 लाख लाइसेंसों में नंबर अपडेट नहीं है। इस तरह दोनों मामले मिलाकर करीब साढ़े पांच लाख दस्तावेजों में नंबर अपडेट नहीं हो पाया है। जाहिर है कि मोबाइल नंबर और पता अपडेट नहीं होने पर वाहन चालकों को भविष्य में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह नियम सभी निजी व कॉमर्शियल वाहन स्वामियों के लिए लागू कर दिया गया है। हालांकि इसके लिए परिवहन विभाग ने अभी कोई अंतिम तारीख तय नहीं की है। ऐसा नहीं करने पर वाहन मालिकों व चालकों पर मोटरवाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई भी होगी। वाहन मालिक व चालकों से जुर्माना वसूला जाएगा और संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ सियाराम वर्मा ने बताया कि इसके लिए सूचना जारी की गई है।

# ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबन्धक उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० गौतमबुद्धनगर ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमन्त्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी०एम०-अजय) के घटक ग्रान्ट इन ऐड योजनान्तर्गत ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए स्वरोजगार हेतु सुनहरा अवसर है।

ग्रान्ट इन ऐड योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम 03 लोगों का समूह बनाकर अथवा क्लस्टर के रूप में अपनी इकाई स्थापित कर सकते हैं। इसमें लाभार्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण उनके सम्बन्धित व्यवसाय के अनुसार दिया जाएगा एवं प्रति व्यक्ति रू० 50,000/- अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत जो कम हो सरकारी अनुदान के रूप में देय होगा तथा परियोजना लागत का 5 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान एवं शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में प्राप्त होगी। इस घटक/ योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों के अन्तर्गत परियोजनायें स्थापित करायी जा सकती है, जिसमें बुटीक व्यवसाय आधारित क्लस्टर, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधारित क्लस्टर, क्लस्टर आधारित समूह में निर्माण कार्य करने हेतु मल्टी-रिकल्ड रिसोर्स बनाने हेतु, महिला गृह उद्योग/स्वत: रोजगार आधारित क्लस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, टू व्हीलर/थ्री व्हीलर मैकेनिक सर्विस का क्लस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, क्लस्टर आधारित आईटी सपोर्ट / हार्डवेयर का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधारित माडुलर फर्नीचर / बढई का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधारित जन सुविधा केन्द्र का कार्य करने हेतु आदि प्रोजेक्ट सम्मिलित है।

# दूषित पानी से फैली संक्रमित बीमारियां

**12 लोगों में डेंगू के लक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अम्रपाली ड्रीम वैली एनचौटे सोसाइटी में दूषित पेयजल और जलजमाव के कारण मच्छरजनित और संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। सोसाइटी के करीब 12 लोगों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। वहीं, अन्य लोगों ने भी इससे मिलते जुलते लक्षण की शिकायत की है। आरोप है कि एनबीसीसी की ओर से अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का सुपुर्द (हैंडओवर) कर दिया, इससे जलजमाव की समस्या हो गई है। सोसाइटी में रहने वाले लोगों ने बताया कि परिसर में करीब 300 परिवार रहते हैं, जिनको अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का एओए को सुपुर्द कर दिया गया।



आरोप है कि एओए को सुपुर्दगी देते समय एनबीसीसी के अधिकारियों की ओर से एसटीपी सहित अन्य अधूरे कार्यों को पूरा करके देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे निभाया नहीं जा रहा है। बरसात के समय सोसाइटी में जलजमाव की समस्या बढ़ जाती है। एसटीपी पूरी तरह से बना हुआ नहीं है, जिसके कारण उसका गंदा पानी बाहर निकाल कर बेसमेंट में भर जाता है। गंदे पानी में मच्छर का मच्छर का लार्वा पनप रहा है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसे बीमारियां भी फैल रही हैं।

सोसाइटी में करीब 15 दिनों के भीतर 12 से अधिक लोगों में डेंगू के लक्षण पाए गए हैं। अन्य लोगों ने भी इससे मिलते जुलते लक्षण की शिकायत की है। लोगों को अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के लोगों की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा था। वहीं, सभी लोगों को हाथ-पैर में दर्द और तेज बुखार की शिकायत हो रही है। लगातार बीमार लोगों की संख्या को बढ़ता देख अन्य निवासियों को अपने परिजनों के चिंता सता रही है। संक्रमित बीमारियो की चपेट में बच्चों और बुजुर्गों के आने का खतरा सबसे अधिक रहता है। ऐसे में लोग अपने घरों पर ही बीमारी से बचने के लिए सावधानी बरत रहे हैं। लोगों ने पार्क में जाना भी बंद कर दिया है। सोसाइटी में जगह-जगह पानी भरा रहता है, जिसके कारण यहां मच्छर का लार्वा पनप रहा है। मेरी पत्नी भी बीमार है। लोकनाथ, निवासी सोसाइटी के बेसमेंट और अन्य स्थानों पर निर्माण सामग्री के खुले में पड़ी रहती है।

# सांत्वना देने के लिए रुपवास गांव में लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में दहेज को लेकर निक्की की हत्या के बाद रूपवास गांव में मृतक परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब सिंह नगर, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर, सपा नेत्री सुनीता यादव, यतेंद्र कसाना, किसान नेता राजकुमार सिंह, डॉ सुभाष प्रेमी, दीपक नागर, मलखान सिंह, सुभाष नागर समेत राजनैतिक, सामाजिक एवं संगठनों के लोग आए और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स प्रिंस लॉजिस्टिक जिसका फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर जीबीएन/ 0003752 और व्यसवासिक स्थल ईको शॉप नंबर 31 उद्योग विहार बिल्डिंग मटेरियल मार्केट, ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुध नगर है। उपरोक्त फर्म के भागीदार श्री सुनील कुमार नागर पुत्र श्री नत्थी सिंह ने स्वेच्छा से 21 फरवरी 2025 को अवकाश ग्रहण कर लिया था एवं श्री पंकज नागर पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह नागर को नए भागीदारी के रूप में दिनांक 21 फरवरी 2025 से ही फर्म में सम्मिलित कर लिया गया है फर्म में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।

**पंकज नागर पुत्र**
**श्री सुरेंद्र सिंह नागर**
**(एफिडेविट कर्ता)**

# मिर्जापुर में बारिश–बाढ़ से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अहरौरा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। इस क्षेत्र के 30 से अधिक गांव बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

अहरौरा चंदौली मार्ग बंद हो गया है। बाढ़ से कई गांवों के रास्ते बंद है । हजारों एकड़ खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई मकान ध्वस्त हो गए हैं। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर राहत और बचाव कार्य का निरीक्षण कर राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। एक पखवाड़ें पहले गंगा नदी के बाढ से जिले के कोन ब्लाक, छानवे, चुनार एवं सिखड ब्लाकों के तीन सौ पचास गांव प्रभावित हुए थे। गंगा नदी का बढाव घटने के बाद के बाद फसल नुकसान का राजस्व विभाग द्वारा आंकलन किया जा रहा था कि एक बार फिर गंगा में बढाव ने लोगों की नींद हराम कर रखा है। गंगा नदी पिछले 48 घंटे से दो सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही



है। हालांकि अभी गंगा खतरे के बिंदु से लगभग दो मीटर नीचे है लेकिन जिला प्रशासन फिर से बचाव कार्य की तैयारियों में जुट गया है। बाढ़ से अब अहरौरा क्षेत्र चपेट में आ गया है। ऐसा यहां लगातार हो रही बारिश से बांधों के ओवर फ्लो होने पानी छोड़े जाने के कारण है। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले बाईस साल के बाद यह स्थिति आई है। जमालपुर ब्लाक के मदापुर न्यायपंचायत लकुरा राजस्व गांव के कई मकान ढह गए है।मदापुर पुल पर चार फुट पानी बह रहा है। जिससे कई गांवों का आपस मे सम्पर्क कट गया है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि अहरौरा और जरगो बांध के एक साथ कई गेट खोलने पड़े थे। उन्होंने बताया कि अब रोक रोक पानी छोड़ा जा रहा है। श्री गंगवार ने बताया कि रविवार को रात में सभी गेट बंद कर दिए गए थे।

सोमवार को पुनघ चार गेट खोल कर चार फुट पानी निकाला गया। सिंचाई विभाग के इंजीनियर हमारे सम्पर्क में हैं। बांधों को खतरा न हो अचानक भारी न छोड़ा जाय इस दृष्टि से काम हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिनके घर गिरे हुए हैं, उसके निर्माण के लिए सरकार द्वारा जारी राजज्ञानुसार सहायता किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंगा में फिर से बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर पूरी तैयारी कर ली गई है। अहरौरा क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त इलाकों में जहां भी रास्ते बंद है वहां पुलिस बल को तैनात किया गया है।राजस्व विभाग के कर्मचारियों की चौबीस घंटे तैनाती है। फसलों के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# प्रधान व सरपंच के चुनाव को लेकर सीटें हो आरक्षित: कौशल किशोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों की आहट के बीच ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश ने केंद्रीय चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर विधायक व सांसद की तर्ज पर प्रधान व सरपंच के होने वाले चुनाव में सीट आरक्षण की मांग की है। इस बाबत संगठन का तर्क है कि विधायक व सांसदों की तरह प्रधान मुखिया व सरपंचों के भी चुनाव होते हैं। ऐसे में सीट आरक्षण की प्रक्रिया एक समान रखी जाए। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने अपने पत्र में कहा है कि सांसदों व विधायकों का एक कार्यकाल के बाद सीटों का आरक्षण नहीं बदलता है लेकिन प्रधान के एक कार्यकाल के बाद सीट का आरक्षण बदल जाता है।

जिसका सीधा असर गांव के विकास पर पड़ता है। पांडेय ने अपने पत्र में कहा है कि जैसे ही चुनाव आता है प्रधान को यह आशंका बनी रहती है कि अगली बार सीट निर्धारण की स्थिति बदल जाएगी। पांडेय ने कहा है कि आरक्षण प्रक्रिया के चलते सीट



बदलने से जनता उन्हें दोबारा नहीं चुनती है। जिससे योग्य होने के बावजूद प्रधान को लेकर जनमत की उपेक्षा हो जाती है। वहीं ग्राम प्रधान, मुखिया, सरपंच की योग्यता का लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल पाता है। कुल मिलाकर ग्रामों के विकास की प्रक्रिया बाधित हो जाती है। उन्होंने कहा है कि गांव के समग्र विकास को लेकर विधायक व सांसद की तर्ज पर ग्राम प्रधान, मुखिया, सरपंच के निर्वाचन को लेकर सीटों के आरक्षण की स्थिति तय की जाए।

# गांधी जयंती पर पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन विभाग की योजनाओं से लाभान्वित होंगे पात्र: नरेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा भवन स्थित सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि दो अक्टूबर गांधी जयंती पर दोनों विभागों की योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर पहली बार पात्र विद्यार्थियों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति वितरित करने की व्यवस्था की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय योजनाओं पर वर्षपर्यंत कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं तक पहुंच सकें। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, कंप्यूटर प्रशिक्षण और शादी अनुदान योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों के शिक्षा अधिकारियों और पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर गांधी जयंती तक अधिक से अधिक छात्र. छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए। शादी अनुदान योजना में लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण और कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में आधुनिक तकनीकी पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर भी बल दिया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं पर उन्होंने वित्तीय सहायता, छात्रवृत्ति, उपकरण वितरण, स्वरोजगार प्रशिक्षण, शादी प्रोत्साहन और निरूशुल्क बस यात्रा जैसी योजनाओं पर संतोष जताते हुए इनके प्रचार–प्रसार को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही तीन दिसम्बर को आयोजित 'विश्व दिव्यांग दिवस' पर राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसके लिए जनपदों से तीस अगस्त तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। मंत्री कश्यप ने कहा कि योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# वाराणसी के कई गांवों में डायरिया का प्रकोप, स्वास्थ विभाग अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। चिरईगांव ब्लॉक के गिरधरपुर गांव में दस से अधिक लोग डायरिया से पीड़ित पाए गए हैं। कुछ दिन पहले इस गांव में उल्टी और दस्त के कारण दो युवतियों की मृत्यु भी हो चुकी है।

जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने गिरधरपुर, सरैया और नारायणपुर में 15 निजी हैंडपंपों को बंद करा दिया है। इन हैंडपंपों के पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आठ मरीज भर्ती हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया के मरीजों की संख्या में लगातार वृ( हो रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम, डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व



में, गिरधरपुर बस्ती में जाकर दवाइयां वितरित कर रही है। साथ ही, लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे पानी को उबालकर ही पिएं। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 40 से अधिक मरीज भर्ती हैं।

## एक नजर

### वाराणसी में इमामबाड़ा भूमि विवाद में अभिलेखों की जांच जारी

**वाराणसी।** सांस्कृतिक नगरी वाराणसी के दुर्गाकुंड क्षेत्र में स्थित इमामबाड़े को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इमामबाड़ा परिसर में एक कुएं के मिलने की बात सामने आने के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों की हलचल बढ़ गई। इस मामले में नगर निगम के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अभिलेखों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम, वाराणसी द्वारा 18 अगस्त को जारी सूचना में दुर्गाकुंड क्षेत्र की आराजी संख्या 2342, जिसमें 240 वर्ग मीटर भूमि शामिल है, को नगर निगम की संपत्ति बताया गया था। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर इमामबाड़ा का निर्माण करवाया है। नगर निगम द्वारा बैरिकेड़िग का कार्य शुरू किए जाने पर कुछ लोगों ने विवाद खड़ा किया और उक्त भूमि पर अपना स्वामित्व होने का दावा किया। एडीएम सिटी ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि उक्त पक्ष से स्वामित्व के संबंध में साक्ष्य प्राप्त कर उनकी जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वर्तमान में इस मामले से जुड़े अभिलेखों की जांच जारी है।

### सपा नेता रंगदारी के आरोप में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कर्नलगंज पुलिस ने समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय यादव सम्राट को रंगदारी मांगने के आरोप में सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया । यादव पर एक ठेकेदार से रंगदारी मांगने का आरोप लगा है। ठेकेदार शिवम कुमार ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई की रात आठ बजे अजय यादव ने उसे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जेएन झा हॉस्टल में बुलाया और अपनी कार में बैठाकर शिवम को धमकी दी कि अगर प्रयागराज में ठेकेदारी का काम करना है और लजदा रहना है तो पांच लाख रुपये देने होंगे। शिवम ने जब कमाई कम होने की बात कही तो अजय ने उन्हें काम न करने देने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उस पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी चल रही है। कर्नलगंज थाने में पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि अजय यादव ने कुछ दिन पहले महाकुंभ में घोटाले का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि रंगदारी मांगने का आरोप लगा है और पीघ्ति ने इस मामले पर एफआईआर दर्ज कराई है। जिस पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का खुलासा, दो कॉल सेंटर सीज

**वाराणसी।** वाराणसी की चौक पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे ठगी के रैकेट का मंगलवार को पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में दो अवैध कॉल सेंटर सीज किए गए और अंतर्राज्यीय गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि सूचना मिली थी कि महमूरगंज के मोती झील के पास और सिगरा के माधोपुर क्षेत्र में अवैध कॉल सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है। चौक थाना और साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों कॉल सेंटरों को सीज कर दिया और मौके से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। ये अपराधी कॉल और विज्ञापनों के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इजराइल, ओमान, कंबोडिया और दक्षिण अफीका जैसे देशों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की जाती थी। ठगी के लिए फर्जी सिम कार्ड का उपयोग किया जाता था। पासपोर्ट, वीजा, मेडिकल और फ्लाइट टिकट के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूली जाती थी।

### बाराबंकी में सड़क हादसे में 35 घायल, पांच गंभीर

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाराबंकी बहराइच मार्ग पर रोडवेज बस ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप सड़क के किनारे ग्ढ्ढे में जा गिरी हादसे में 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे अवस्थी ढाबा के पास रोडवेज बस ने श्रद्धालुओं की पिकअप में टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सड़क के किनारे ग्ढ्ढे में जा गिरी। हादसे में करीब 35 श्रद्धालु घायल हो गए।

# प्रतापगढ़ में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में पूर्व नगर कोतवाल अनिल कुमार की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी राजू सोनी उर्फ बोचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 25.26 अगस्त की रात में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद पूर्व नगर कोतवाल अनिल कुमार की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी राजू सोनी (30) उर्फ बोचा को पांच लजदा देशी बम के साथ भूलिया पुर ईद गाह के पास से गिरफ्तार कर लिया है अभियुक्त राजू सोनी उर्फ बोचा का अपराधिक इतिहास है। इस पर प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली सिटी में भारतीय दंड संहिता के विभिन्न संगीन धाराओं में 14 अभियोग पंजीकृत है।

# कालपी का प्राचीन गणेश मंदिर मराठा कालीन इतिहास का प्रतीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले की तहसील कालपी में स्थित गणेश मंदिर नगर की प्राचीन धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। कालपी रेलवे स्टेशन से लगभग दो फर्लांग की दूरी पर स्थित यह मंदिर नगर के 52 प्राचीन मुहल्लों में से एक गणेश गंज में बना हुआ है।

यह मंदिर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि बुंद. ेलखंड में मराठा प्रभाव और उनकी धार्मिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक भी है। इतिहासकार मानते हैं कि यह मंदिर मराठा काल में निर्मित हुआ था। मराठों के आराध्य देव श्री गणेश जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा इसी मंदिर में की गई थी। बुंदेलखंड में मराठों का आगमन सन 1729 से माना जाता है। उस समय बुंदेलखंड के महाराजा छत्रसाल ने मुगल सूब. ेदार बंगश खां के विरु( संघर्ष में पेशवा बाजीराव से सहयोग प्राप्त किया था। विजय के उपरांत बुंदेलप्रदेश का एक भाग पेशवा बाजीराव को प्रदान किया गया। इसी काल में मराठों ने यहां अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक छाप छोड़ी। मंदिर का जीर्णोद्धार संवत 1749 (सन 1792 ई.) में बालाजी बाजीराव पेशवा प्रथम द्वारा कराया गया। यही कारण है कि यह मंदिर मराठा स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था दोनों का अद्वितीय उदाहरण माना जाता है। डॉ. हरिमोहन पुरवार के अनुसार, मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरू समर्थ गुरु रामदास के गुरू ने शक संवत 1569में कालपी आगमन के समय यहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित की थी। बताया जाता है कि उन्होंने स्वयं लाल बलुआ पत्थर पर दाहिनी ओर सूंढ़ वाले गणेश जी की मूर्ति गढ़कर मंदिर में स्थापित की थी। इस कथा से मंदिर की प्राचीनता और धार्मिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। गणेश मंदिर अपने स्थापत्य वैभव के लिए भी प्रसिद्ध है। यह मंदिर लगभग 60–60 फुट क्षेत्र में फैला हुआ है।

मंदिर पश्चिमाभिमुख है और 21 ग 21 फुट के चबूतरे पर स्थित है। मंदिर का गर्भगृह 19 फुट का है, जिसकी ऊंचाई 8 फुट है। गर्भगृह के ऊपर 7 फुट ऊंची गोल डाट की छत बनी है। इस छत पर 20 फुट ऊंचा चतुष्कोणीय विमान अंकित है, जिसकी चारों दिशाओं में शुक नासिका पर अन्य विमानाकृतियां उकेरी गई हैं। यह स्थापत्य शैली मराठा कालीन मंदिरों की विशेषता को दर्शाती है और इसे बुंदेलखंड की वास्तुकला में अनोखी पहचान देती है। मंदिर में गणेश जी की तीन महत्वपूर्ण मूर्तियां स्थापित हैं, जिनसे इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रथम गणेश मूर्ति . की मूर्ति लाल बलुआ पत्थर की है, जिसकी ऊंचाई 12 इंच और चौड़ाई 8 इंच है। इसे समर्थ गुरु रामदास जी के गुरू ने गढ़ा था। गणेश जी की यह मूर्ति शांत मुद्रा में है और इसके ऊपर तीन नागफनों का छत्र अंकित है। यह मूर्ति मंदिर के आंगन में प्रतिष्ठित है। द्वितीय गणेश मूर्ति श्वेत संगमरमर से निर्मित 16 इंच ऊंची और 12 इंच चौड़ी चतुर्भुजी है। इसकी सूंढ़ वक्राकार दाहिनी ओर स्थित है। इस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पेशवा बाजीराव प्रथम द्वारा संवत 1749 में मंदिर जीर्णोद्धार के समय कराई गई थी। यह मूर्ति गर्भगृह में स्थापित है। तृतीय गणेश मूर्ति भी श्वेत संगमरमर की निर्मित है। इसकी ऊंचाई 14 इंच और चौड़ाई 8.5 इंच है। चतुर्भुजी गणेश जी की यह मूर्ति भी दाहिनी ओर वक्राकार सूंढ़ वाली है। इस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महारानी लक्ष्मीबाई द्वारा कराई गई थी। यह मूर्ति द्वितीय मूर्ति के साथ गर्भगृह में सिंहासन पर विराजमान है। मंदिर के बारे में एक संस्कृत श्लोक प्रचलित है। 'कालाद्धि पाति कालेशो यत्र स्वेन महौजसा। तस्मात्सम्प्रोच्यते सद्भि' कालपीति शुभस्थली घ्ह अर्थात जहां मृत्यु के स्वामी भगवान विष्णु अपने तेज से मनुष्यों की रक्षा करते हैं।

# खादी आयोग ने एफडीआई फुरसतगंज में आयोजित किया लोक शिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** फुरसतगंज स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) में सोमवार को खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ की ओर से लोक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने खादी के महत्व, ग्रामीण रोजगार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खादी उद्योग की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ खादी के राज्य निदेशक डॉ. नितेश धवन की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि खादी सिर्फ वस्त्र नहीं बल्कि स्वदेशी का प्रतीक और राष्ट्र की आत्मा है। आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह खादी को फैशन और परिधान की मुख्यधारा में लाए और ग्रामीण कारीगरों के श्रम का सम्मान करे।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थ्क्क्प फुरसतगंज के कार्यकारी



निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खादी अब आधुनिक फैशन और डिजाइन के साथ वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खादी उत्पादों के नवाचार और डिजाइनों के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।लोक शिक्षण कार्यक्रम के तहत सेमिनार के साथ.साथ वाद.विवाद और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के फैशन, फुटवियर और रिटेल विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़. चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने खादी को रोजगार सृजन का माध्यम, पर्यावरण के अनुकूल वस्त्र और भारतीय संस्कृति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों ने भी विचार साझा किए और युवाओं से खादी के प्रचार–प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कुल 200 से अधिक छात्र–छात्राओं की सहभागिता रही। उपस्थित विद्यार्थियों ने इस आयोजन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें भारतीय परंपरा और खादी उद्योग की प्रासंगिकता को समझने का अवसर मिलता है।

# वाराणसी में बुजुर्ग की अचानक गिर कर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में रोह. निया थाना क्षेत्र के मोहनसराय चौराहे पर मंगलवार को हाईवे के सर्विस रोड पर स्थित ऑटो स्टैंड के पास एक अज्ञात बुजुर्ग की अचानक गिरने से मौत हो गई। ग्राम प्रधान मनोज वर्मा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक वृद्ध की तलाशी ली, जिसमें उसके कुर्ते की जेब से दवाइयां और पास रखे झोले में कुछ कपड़े मिले। मृतक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

# मवेशी चोर गिरफ्तार तीन भैंस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महोली कोतवाली पुलिस ने एक सूचना के आधार पर महोली कस्बे के चितहला रोड चमार बाग चौराहे पर नाकेबंदी की। इस दौरान पुलिस ने पिकअप सवार मवेशी चोर पीलीभीत जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बहाड़गंज निवासी पटवारी पुत्र सलीम बख्श को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की तीन भैंस बरामद की।

वहीं आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ दो भैंसे थाना इमलिया सुल्तानपुर तथा एक भैंस ग्राम पाल्हापुर थाना महोली से चोरी की थी। भैंस चोरी की घटना के संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर केस दर्ज है। पुलिस ने बताया कि चौबीस अगस्त को यूपी 112 पर सूचना मिली थी कि एक पिकअप पर चोरी की तीन भैंसे लादी जा रही हैं। इस सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची तो आरोपी पीआरवी वाहन पर पिकअप से टक्कर मारते हुए फरार हो गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# नैमिषारण्य में विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और उनकी प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नैमिषारण्य बाईपास, राजघाट, पार्किंग स्थल, चक्रतीर्थ, इंट्रेन्स प्लाजा, सीतापुर रोड स्थित पार्किंग एवं यात्री सुविधा केंद्र आदि स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य बाईपास के निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यदायी संस्था को हस्तगत करायी जाए और सभी मुआवजों का भुगतान समय से कराया जाए। ट्रैक्टर–ट्रॉली पार्किंग स्थल पर कार्य की खराब प्रगति पर नारा. जगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

राजघाट पर हाईमास्क लाइट, भूमि समतलीकरण, ट्रीगार्ड, पेयजल व अन्य सुविधाएं स्थापित करायी जाएं। सभी नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों की ड्राइंग समय से उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालि. का को कड़े निर्देश दिए कि समस्त स्थलों पर साफ.सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएलसी एवं अधिशासी अधिक. ारी नगर पालिका को कड़ी चेता. वनी देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाए। मुख्य मार्गों से संबंधित नालों के पत्थरों को ठीक प्रकार से लगवाया जाए।

चक्रतीर्थ, राजघाट आदि स्थलों पर अनवरत सफाई टीम बनाकर काम कराया जाए तथा लापरवाही करने वाले सफाई कर्मियों को तत्काल हटाया जाए। ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मियों की सूचना एवं उनके प्रभारी का मोबाइल नंबर फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। उपजिला. धिकारी मिश्रिख को निर्देश दिए गए कि स्वच्छता व्यवस्था का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। नैमिषारण्य बाईपास हेतु भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिक. ारी ने पार्किंग स्थलों, राजघाट, इंट्रेन्स प्लाजा, पंचमुखी प्लाजा, कोरोना प्रथम पड़ाव, चक्रतीर्थ, बाईपास आदि से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित अन्य अधिक. ारी मौजूद रहे।

# हत्या का आरोपी चचेरा भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र में पुलिस ने बालक की हत्या के 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा करते हुये मृतक के चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 22 अगस्त की शाम महेवा नई बस्ती निवासी मोहनलाल का पुत्र शरद (11) सामान लेने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा।

अगले दिन उसका शव पारस कुंज अपार्टमेंट के पास विद्यापीठ स्कूल के सामने गुलाब के खेत में मिला था। परिजनों की तहरीर पर थाना नैनी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

घटनास्थल से लेकर पीड़ित के घर तक सभी रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। उन्होने बताया कि जांच में आरोपी आदित्य भारतीया (21) का नाम सामने आया। आज आदित्य को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि अप्रैल 2024 में उसके चाचा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी और उसके भाई ने आत्महत्या कर ली थी। इन घटनाओं पर मृतक की मां मीना देवी (आरोपी की चाची) ने दुख जताने के बजाय खुशी मनाई थी।

# डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान

## सचिव का दावा, पर्याप्त मात्रा में है खाद



**आई एम खान, शाह टाइम्स**
**बिसौली।** इफको किसान सेवा केन्द्र पर किसान खाद के लिए जूझ रहे हैं। जहां किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। इधर इफको केंद्र पर मौजूद सचिव ओमकार सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को डीएपी के 4240 बैग केंद्र को मिले हैं। केन्द्र पर डीएपी और यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। राणा ने बताया कि नैनों डीएपी और नैनों यूरिया भी केंद्र पर उपलब्ध है। वहीं इफको किसान सेवा केंद्र पर अलग ही नजारा देखने को मिला।

यहां सुबह से ही लंबी-लंबी लाइनें लगी थी। एक बीघा खेत के लिए एक बोरी खाद पाने के लिए किसान सात आठ घंटे से धूप में खड़े थे।

महिलाओं की भी अलग लाइन लगी हुई थी। सचिव ओमकार सिंह राणा का दावा है कि खाद पर्याप्त है और धीरे-धीरे सभी किसानों को दी जा रही है।

# लापता यूटयूबर का छठे दिन भी नहीं लगा सुराग

## पुलिस ने महिला यूट्यूबर के कई मोबाइल कब्जे में लिए, खंगाली हिस्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला चंद्राखर गोटिया निवासी अरविंद श्रीवास्तव वीते बुधवार की शाम को अपने स्वजनों को कार कार में सवार डलवाने की वात कहकर निकले थे देर शाम वह घर नहीं पहुंचे तो देर रात्रि कछला पुलिस चौकी के निकट कार पुलिस ने अज्ञात अवस्था में वरामद की थी कार में मिले मोवाआयल के आधार पर नाम पते की जानकारी होने पर पुलिस ने संबंधित पुलिस चौकी शहीद भगतसिंह पुलिस चौकी खेडा नवादा को सूचना दी थी पुलिस ने लापता युवक यूटूवर के घर सूचना दी सूचना मिलने पर स्वजनों ने थाने प्रियंका श्री वास्तव ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई दर्ज गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस युटुब की तलाश में जुट गई है चौकी प्रभारी ने बताया कि युटुब की गाड़ी में मिला मोबाइल में अन्तिम काल महिला युटुबर की मिली है।

लापता युटुब ने महिला युटुबर की अंतिम काल को अपने मोबाइल से डिलीट कर दिया था मोबाइल गाड़ी से बरामद किया गया पुलिस ने महिला यटुबर से पूछतांछ की है महिला यूटूवर के तीनों मोवाआयलो को कब्जे में लेकर उनके डाटा को खंगाला जा रहा है महिला यूटूवर के घर खड़ी लापता युवक की बीएमडब्ल्यू कार भी मंगवा ली गई है महिला यूटूवर को जिला ना छोडने की पुलिस द्वारा हिदायत दी गई है इस वात की क्षेत्र में व्यापक चर्चा वनी हुई है मामले की जांच कर रहे पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया उक्त मामले में कई की टीमें लगी हुई है।

कासगंज से लेकर गंगा की कटरी तक लापता युवक की तलाश में अधिकांश थानों पर नोटिस चस्पा किये गये है अलग-अलग एंगलों से जांच की जा रही है कुछ ही सालों ठेला मे लगाने वाला युवक कैसे वना करोड़पति यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है युवक तंत्र विद्या करने की खासी चर्चा बनी हुई है लेकिन युटुब के माता-पिता का रो रोकर बुरा हाल है लापता युटूवर के पिता आज भी आईस क्रीम का ठेला लगाते हैं।

# खोज रहे परिवार का बचा खुचा आधार वारिस अपने वंश के दो-दो लड़के यारः सुधांशु

**आई एम खान, शाह टाइम्स**
**बिसौली।** के.बी. हिंदी सेवा न्यास द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरस्वरूप शर्मा ने की। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक दुबे एवं न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा श्सुधांशुश द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ. सुधांशु ने वाणी वंदना की। श्रीपाल शर्मा श्शमनश्ने कहा मक्का वाले मक्का जाओ, मिलते खुदा मदीने में। हम तो हनुमत के दीवाने, राम मिलेंगे सीने में। अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा बेटी की शादी कर दी तो पापा रिश्तेदार हो गए।

जब से बहुयें घर में आईं वे रद्दी अखबार हो गए। डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा श्सुधांशुश ने सुनाया खोज रहे परिवार का, बचा खुचा आधार। वारिस अपने वंश के, दो-दो लड़के यार। विजय कुमार सक्सेना श्विजयश ने सुनाया एक नाम परमात्मा, है जग में विख्यात। बख्शी है जिसने हमें, खुशियों की सौगात। रामकृपाल तिवारी ने कहा मेरी बेचौनियाँ देखो तुम्हें मैं याद करता हूँ। सोचता रहता हूँ तुमसे मिलन फरियाद करता हूँ। हरस्वरूप शर्मा ने कहा माया को तो सब भजें माधव भजे न कोय। मॉधव को यदि जो भजे माया चेरी होय। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार सक्सेना विजय ने किया।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में किया फ्लैग मार्च

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**
**सहसवान।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने अपनी सतर्कता व मुस्तैदी का एहसास करने के उद्देश्य से नगर में किया फ्लैग मार्च और लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा व सेवा के लिए हमेशा तत्पर है सीओ कर्मवीर सिंह व थाना प्रभारी राजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों व कमांडरों के साथ फ्लैग मार्च किया कोतवाली से चलकर बाजार विल्सनगंज, तहसील मार्ग, पठान टोला, मीरा साहब व अकबराबाद होते हुए वापस कोतवाली जाकर समाप्त हुआ कोतवाली प्रभारी ने बताया आगामी



त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए फ्लैग मार्च निकाला है लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा व सेवा के लिए तत्पर है पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए पारदर्शिता व तत्परता से कार्य करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** जनपद की प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका के 87 विकास कार्यक्रमों की एक-एक कर समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य को धर्म मानकर मानवता को सर्वोपरि रखते हुए।



ईमानदारी, तत्परता, पारदर्शिता व गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने विकास भवन में आहूत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि पात्रों को ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, अधिकारी निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा धरातल की हकीकत पर ज्यादा ध्यान दें। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अब तक जो भी कार्य हुए हैं वह अच्छे हुए हैं, लेकिन कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत जो सड़कों पर गड्ढे किए गए हैं उसको भरने की जिम्मेदारी भी जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों की ही है तथा कोई भी गड्ढा खुला ना छोड़ा जाए तथा कार्य उपरांत प्राथमिकता पर सड़क को ठीक किया जाए ताकि आमजन को परेशानी ना हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जर्जर भवनों का मूल्यांकन कर जहां स्थिति खराब है वहां किसी भी सूरत में कक्षाएं संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गोवंश संरक्षण स्थलों का नियमित निरीक्षण व निगरानी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी टीमवर्क के साथ पारदर्शिता से कार्य करें तथा पात्रों को ही योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के विकास कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जुलाई 2025 तक के कार्यों की 87 कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि जुलाई 2025 में शासन स्तर से की गई समीक्षा में 55 कार्यक्रमों में जनपद को ए श्रेणी, 01 कार्यक्रम में बी श्रेणी, 06 कार्यक्रमों में सी श्रेणी तथा 02 कार्यक्रमों में डी श्रेणी मिली है। 23 ऐसे कार्यक्रम हैं, जिनकी ग्रेडिंग नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद जुलाई 2025 की प्रगति में मंडल में तीसरे स्थान पर है। जनपद में एक करोड़ रुपए से अधिक की 1020 परियोजनाएं हैं इनमें से 867 जल जीवन मिशन ग्रामीण की है। 1020 में से 195 पूर्ण हो गई हैं तथा 11 ऐसी परियोजनाएं हैं जो 1 साल से अधिक समय से विलंबित हैं तथा कुल विलंबित परियोजनाएं 127 है। उन्होंने बताया कि जनपद को प्रधानमंत्री आवास योजना में ए श्रेणी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना में बी श्रेणी प्राप्त हुई है। जनपद में 317 छोटे व बड़े गौ आश्रम स्थल संचालित हैं। उन्होंने कहा कि जहां स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रही है वहां उसको बदला जाए। उन्होंने बताया कि बिल्सी के निर्माणाधीन बस अड्डा का कार्य पूर्ण हो गया है जिसका जल्द लोकार्पण कराया जाएगा। वहीं महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भावनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवासीय भवनों के निर्माण के शेष कार्य प्रारंभ हो गए हैं। जो की जुलाई 2026 तक पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन में परिवर्तित करने के मण्डलायुक्त बरेली के नवाचार को प्रदेश स्तर पर लागू किया गया है। जनपद में पहले प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक राशन की दुकान को अन्नपूर्णा भवन बनाया गया, उसके बाद पांच-पांच को तथा वर्तमान में प्राप्त निर्देशों के क्रम में 150 राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन बनने पर कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के शारदेंदु पाठक व समस्त जनपदीय अधिकारी व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में इको – फ्रेंडली गणपति निर्माण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिसौली।** एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी महोत्सव के उपलक्ष्य में कक्षा 7 वीं एवं 8 वीं के विद्यार्थियों द्वारा इको-फ्रेंडली गणपति निर्माण गतिविधि बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और कला-कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ प्रतिभागियों में आशी, कनिका, अथर्व, अभुदयस, सक्षम,



कामाक्षी, अन्वी, राधिका, कोमल, दिया, कंचन, युविका, लक्षय, आदित्य, आशिष, अतिका, मोहिनी, अक्षत, यश, अंशिका और आस्था आदि रहे। गतिविधि शारदा बवेजा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर गौरी, प्रिया, मेघा, गुंजन, श्वेता, सुंदरी, सिम्मी, मुस्कान, पारुल आदि शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल गणपति प्रतिमाएँ बनाईं।

कार्यक्रम में निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्राचार्या मीनू बत्रा ने उपस्थित होकर बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा गणेश चतुर्थी पर्व का महत्व बताते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यालय परिवार में उल्लास एवं भक्ति का माहौल बना रहा।

# छात्र-छात्राओं को दी गई मधुमेह रोग की जानकारी व बचाव के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में स्वाथ्य नोडल अधिकारी विपलव भारती के नेतृत्व में मधुमेह रोग से बचाव के लिए बच्चों में चीनी के स्तर का नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र- छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कि बच्चों में चीनी स्तर को नियंत्रित करने वाले तरीकों को अपनाना चाहिए। कार्बो हाइड्रेट युक्त भोजन और प्रसंस्कृत मीठे खाद्य स्रोत आम तौर पर ग्लूकोस के स्तर को बढ़ा देते हैं इनसे बचने की कोशिश करना चाहिए जबकि फाइबर, प्रोटीन और स्वस्थ वसा युक्त अच्छा आहार ग्लूकोज को स्थिर रखता है। व्यायाम, साइकिल चलाना, और पैदल चलना मधुमेह डायबिटीज को नियंत्रित करता है। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा छात्रों को जानकारी प्रदान की गई कि भारत के प्रत्येक जनपद में व्यापक मधुमेह नियंत्रण केन्द्र एवं मधुमेह नियंत्रण देखभाल सुविधाओं को विकसित करना चाहिए और इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए पर्याप्त मधुमेह नियंत्रण विशेषज्ञ और अन्य मानव संसाधन विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम में रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा, अनमोल शर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# 320 पशुओं को मिल चुकी एंटीरेबीज की डोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बेजुबान पशुओं के लिए रेबीज के विरुद्ध संचालित विशेष एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान जिले में लगातार गति पकड़ रहा है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले के सभी 33 पशु चिकित्सालयों में कुल 320 पालतू जानवरों को जीवनरक्षक टीका लगाया जा चुका है एवं टीकाकरण शिविर अभी भी जारी है। इनमें 290 कुत्ते और 30 बिल्लियाँ शामिल हैं। जनपदवासी इस मुहिम को गंभीरता से लेते हुए अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित कराने में आगे आ रहे हैं।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू जानवरों को इस विशेष अभियान के दौरान टीका अवश्य लगवाएँ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि रेबीज एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण प्रकट होने के बाद कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है और यह लगभग सौ प्रतिशत मामलों में घातक सिद्ध होती है। इसलिए रोकथाम ही इसका एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण कराना ही पशु और मनुष्य दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी साधन है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पशु चिकित्सालयों पर प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक पालतू जानवरों का मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है।


लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन/सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |


# वित्तीय समावेशन अभियान में अब तक 116062 को दिया लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** जनपद मे ग्राम पंचायत स्तर पर 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पूरे भारत वर्ष मे वित्तीय समावेशन योजना के लिए संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद मे मंगलवार तक 672 ग्राम पंचायतों मे संतृप्तीकरण अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे 10772, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे 2422, अटल पेंशन योजना मे 2232, प्रधानमंत्री जनधन योजना मे 97778, पुन: केवाईसी मे 1981, नामांकन मे 877 लोगो को लाभ दिया गया है और आगे भी 30 सितम्बर 2025 तक बचे हुये ग्राम पंचायत पर कैंप लगाया जा रहा है। एलडीएम डॉ0 रिकेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि



जनपद बदायूँ मे ग्राम पंचायत स्तर पर बैंको एवं पोस्ट ऑफिस के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे (दिनांकवार रोस्टर बनाकर) कैंप लगाकर लोगो को वित्तीय समावेशन योजना मे जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन खाता, के बारे मे जागरूक और लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही डिजिटल फ्रॉड, अनक्लेमड डिपॉजिट, री-केवाईसी एवं खाते मे नामांकन दर्ज कराने का लाभ के बारे मे भी जागरूक किया जा रहा है। कैंप मे उपस्थित होकर उक्त योजनाओ के बारे मे जाने एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन सुरक्षा योजनाओ का लाभ उठाएँ। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 4 सितम्बर को सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मुख्य द्वार पर खड़े होकर करेंगें प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वराज पाल दुहूण खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र उ.प्र.मा.शि. संघ.चेतनारायण के परिक्षेत्र प्रभारी ने जैन स्थानक वासी कन्या इंटर कॉलेज बड़ौत व महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज बड़ौत में शिक्षक शिक्षिकाओं से सम्पर्क कर बताया कि उ.प्र.प्रबन्धक सभा ने शिक्षकों शिक्षिकाओं की सेवा सुरक्षा पर कुठाराघात करते हुए, अपने नापाक इरादों से 12 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा कर स्पष्ट कर दिया है।

प्रबन्धक महासभा, वेतन वितरण अधिनियम 1971 से पूर्व की स्थिति ला कर पुन: शिक्षक शिक्षिकाओं को बन्धुवा मजदूर की स्थिति में लाना चाहती है। स्वराज पाल दुहूण ने कहा कि वें ऐसा कभी भी नहीं होने देंगे। उ.प्र.मा.शि.संघ इसका डट कर मुकाबला करेगा। इसी



श्रंखला में संगठन ने आहवान किया है कि 4 सितम्बर 25 को प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं अन्तिम कालांश में अपने -अपने विद्यालयों के मुख्य द्वार पर खड़े होकर प्रदर्शन करेंगें।

# आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजा किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवददाता**
**बागपत।** बीजेपी नेता वसीम के साथ एक बार फिर विवाद का मामला सामने आया है। वसीम ने बताया कि 5 जुलाई को उनके साथ मारपीट और हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें से दो आरोपी जमानत पर रिहा हो गए हैं।

रिहाई के बाद आरोपी एक गाड़ी में करीब छह लोगों के साथ वसीम के घर पहुंचे। आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजाए और हंगामा किया। वसीम ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। वसीम का आरा. ेप है कि एक बाहरी व्यक्ति भी



गाड़ी में मौजूद था, जो बार-बार अन्य लोगों को झगड़े के लिए उकसा रहा था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। वसीम ने आरोपियों से जान का खतरा भी जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बागपत में 13 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय बागपत में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाबिस्ता आकिल करेगी।

इस ऐतिहासिक अवसर पर दीवानी, शमनीय आपराधिक, धारा 138 NIAबज चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बैंक संबंधित मामले, राजस्व विभाग के मामले तथा प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा।

लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्याय की प्रक्रिया को सरल, शीघ्र और सस्ता बनाना है, जिससे आम आदमी को बिना किसी कठिनाई के त्वरित न्याय मिल सके। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के मामले जैसे कि दीवानी मामले, शमनीय आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, लोक उपयोगी सेवाओं जैसे बिजली, जल, टेलीफोन से जुड़े विवाद, श्रम एवं औद्योगिक विवाद आदि निपटाए जाएंगे। लोक उपयोगी सेवाओं बिजली, जल, टेलीफोन से संबंधित विवाद श्रम एवं औद्योगिक विवाद बैंक और राजस्व विभाग के मामले प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद से संबंधित दीवानी और आपराधिक मामले न्याय का सरल और त्वरित तरीकालोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों की सहमति से मामले को सुलझाया जाएगा और लोक अदालत का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां लंबित मामलों का समाधान एक निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। इसके लिए विधिक सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं विधिक प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है लोगों को न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाना और उन्हें पारंपरिक अदालतों की लंबी प्रक्रिया से निजात दिलाना।

# इनकम टैक्स व जीएसटी की छापामारी से पसरा सन्नाटा

■ रोड के उद्घाटन को लेकर भोजीपुरा सपा विधायक व देवरनियां चेयरमैन आमने-सामने
■ चेयरमैन कलीम अंसारी के दुकान व गोदाम पर देर रात्रि छापेमारी के बाद मामला शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पंचायत देवरनियां के चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी को भोजीपुरा से सपा विधायक के साथ हंगामा करना भारी पड़ गया। सोमवार को नगर पंचायत देवरनियां में देर रात्रि तक दुकानदार व व्यापारियों के गोदामों पर चली छापेमारी और चेयरमैन मोहम्मद कलीम अन्सारी के दुकान व गोदामों को कई घन्टे तक रिकॉर्ड खंगाले गए।

जीएसटी व इनकम टैक्स विभाग की संयुक्त छापेमारी से देर रात्रि तक हड़कंप मचा रहा। भोजीपुरा सपा विधायक पर चेयरमैन ने आरोप लगाया कि रोड का उद्घाटन करने पर विधायक द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर छापामारी करा कर बेवजह परेशान कर रहे हैं, औरआने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी वोटरों के बीच छवि धूमिल कर रहे हैं। नगर पंचायत देवरनियां चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी व उनके समर्थकों ने सपा विधायक शहजिल इस्लाम अन्सारी पर इनकम टैक्स व जीएसटी अधिकारियों से मिलकर बे वजह व्यापारियों को परेशान करने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत देवरनियां में भोजीपुरा विधायक द्वारा छापेमारी को लेकर देर रात तक चर्चाओं का विषय बना रहा। इनकम टैक्स व जीएसटी वालों ने आवश्यक जांच पड़ताल की,



काफी देर तक अधिकारी व्यापार से संबंधित दस्तावेज खंगालते रहे।

दरअसल, विगत दिनों मुड़िया को जाने वाली सड़क जो कि 200 मीटर सीसी रोड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाई जा रही है। जिसका निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी करने पहुंचे थे।

इसी बीच मोहम्मद कलीम अंसारी ने अपने समर्थकों के साथ यह कहते हुए रोक दिया कि यह सड़क सांसद की सिफारिश व मेरे प्रयास पर डलवाई जा रही है। इसी बात को लेकर दोनों नेताओं के समर्थकों में हंगामा शुरू हो गया। वहीं भोजीपुरा विधानसभा के सपा विधायक ने कहा था कि इसपर मैंने भी लेटर लिखकर लखनऊ तक पैरवी की है, और मेरे प्रयास पर यह सड़क पड़ रही है। हम सिर्फ निरीक्षण करने आए हैं, उद्घाटन करने नहीं गये थे।

स्थानीय पुलिस ने मामले को कंट्रोल करते हुए शांत किया था। आज जब इनकम टैक्स व जीएसटी की रेड पड़ी तो क्षेत्र में लोग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे, कोई इस मामले को विधायक से हुए विवाद को जोड़कर देख रहा है।

भोजीपुरा विधानसभा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम अन्सारी ने बताया कि हमारा किसी भी मामले से कोई लेना-देना नहीं है। यह विभागों का काम है। वह अपना कार्य करते हैं। अगर कोई किसी भी प्रकार का हमारे ऊपर आरोप लगाये हैं तो वह पूर्णतया निराधार हैं।

नगर पंचायत देवरनियां चेयरमैन मोहम्मद कलीम अन्सारी ने बताया कि भोजीपुरा विधानसभा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम अन्सारी द्वारा बेवजह इनकम टैक्स व जीएसटी वालों पर दबाव बनाकर मेरी दुकान व गोदाम पर छापेमारी कराई है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जबाब देंगे। क्योंकि 17 साल से देवरनियां रेलवे फाटक से मुडिया जागीर तक सड़क खराब होने के बाद आज तक पूर्व चेयरमैन व विधायक द्वारा रोड निर्माण नहीं कराया गया था।

जब मैं चेयरमैन बना तो झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार द्वारा यह 2 किलोमीटर रास्ता पास कराकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर भोजीपुरा सपा विधायक जबरन रोड का उद्घाटन करने आए थे। विरोध व हंगामा करने पर वापस लौटे, जिसको लेकर मेरे विरोध में आकर जीएसटी व इनकम टैक्स वालों द्वारा मुझे बेवजह परेशान किया जा रहा है। इसका लोग आगामी विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देंगे।

## एक नजर

# अहमदाबाद और कुंडरा कोठी में शुरू हुए जन्माष्टमी मेले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अहमदाबाद और कुंडरा कोठी गांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले का शुभारम्भ किया गया। अहमदाबाद गांव में लगने वाले सात दिवसीय मेले का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिघधि नवाबगंज डॉक्टर आशुतोष गंगवार और कुंडरा कोठी गांव में लगने वाले मेले का शुभारम्भ समाजसेवी आरसी गंगवार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर समाजसे. वी डॉक्टर आरसी गंगवार ने कहा कि मेले के आयोजन से आपसी भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मेला सात दिनो तक चलेगा, जिसमें झूला, सर्कस, मिठाई, बर्तन आदि की दुकानदार दूर दराज से पहुंच रहे हैं। वहीं अहमदाबाद मेले में डॉक्टर आशुतोष गंगवार, सरजू गंगवार, राजू हिन्दुस्तानी, गंगाराम, अमित गंगवार, मोहनलाल राठौर आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृघष्टि से मेले में पुलिस बल को भी तैनात किया गया है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने पर आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने संतोष पुत्र राजाराम निवासी ग्राम शिवनगर थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत पर अपनी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से भगाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी 21 अगस्त को उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भाग ले गया। जब पीड़ित पिता ने संतोष के परिजनों से अपनी बेटी को छुड़ाने के लिए कहा, तो उन्होंने गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई तो वे जान से मार देंगे। पीड़िता के पिता ने पुलिस से अपनी बेटी को बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर सन्तोष पुत्र राजाराम निवासी शिवनगर जहानाबाद जिला पीलीभीत, कुंवरसेन, महेंद्र पाल, मेंबर सुरेंद्र, गोपाल पुत्र राजाराम, सुनील, रवि पुत्र कुंवरसेन निवासी शिवनगर जहानाबाद जिला पीलीभीत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, और जल्द ही पीड़िता को बरामद करने की कोशिश कर रही है। नाबालिग लड़की के अपहरण का यह मामला गंभीर है, और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, और पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा।

# उर्स-ए-मेहंदी ए मिल्लत में उमड़ा जनसैलाब

■ देश की तरक्की और खुशहाली के लिए की गई दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में 18 वें उर्से मेहंदी ए मिल्लत मनाया गया। जिसमे बीती रात में जश्ने ईद मिलादुन्नबी व मेहंदी ए मिल्लत कॉन्फ्रेंस का आगाज किया गया। बाहर से आये उलेमाओं व शायरों ने खिताब व कलाम पेश किये। वहीं आज बाद नमाजे फजर कुरानखानी हुई, और दस बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमे देश के तरक्की व खुशहाली की दुआ की गई।

बहेड़ी के मोहल्ला मोहम्मदपुर में दो रोजा उर्से मेहंदी ए मिल्लत मनाया गया। जिसमें बीती रात में जश्ने ईद मिलादुन्नबी व मेहंदी ए मिल्लत कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ। जिसमें मकनपुर शरीफ से आये मुफ्ती सय्यद मुनब्बर अली ने बताया कि मुसलमान अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम दिलायें, जिससे कि हमारी आने वाली पीढ़ी डॉक्टर, इंजीनियर बने, जिससे कि देश हमारा तरक्की करे, और नौजवानों को रोजगार मिले।

फाजिले साउथ अफ्रीका मुफ्ती सय्यद शजर अली ने बेहतरीन नातो मनकबत पेश की। वहीं लोगों से यह अपील भी की गई कि आज हमारे यहाँ गरीब लड़कियों की पैसों की कमी के बजह से उनकी शादी नहीं हो पा रही हैं, लोग अपने आपसी मनमुटाव छोड़कर जिम्मेदार लोग उन गरीब लड़कियों के शादी के लिए आगे आयें और एक कमेटी बनायें जो हर साल 20 से पचास लड़कियों की शादी करायें, जिससे कि किसी गरीब की लड़की का घर बस जायेगा। मेहंदी ए मिल्लत कॉन्फ्रेंस में सय्यद इख्तियार अहमद, सय्यद अनवार अहमद, सय्यद फरयाद हुसैन, मुफ्ती सय्यद मुनब्बर अली, मुफ्ती सय्यद इंतेसाब हुसैन कदीरी, मुफ्ती सय्यद शजर अली, मलंग सय्यद जियरात अली, शराफत कदीरी आदि उलमा शामिल हुए।

आज सुबह में फजर की नमाज के बाद दरगाह में कुरानखानी हुई। दस बजे कुल शरीफ की रस्म अदा हुई, जिसमें सय्यद इख्तियार अहमद ने उर्स में शामिल हुए जायरीनों के लिए उनकी दिली मुराद पूरी होने के लिए दुआ की, साथ ही देश की खुशहाली की भी दुआ की।

कुल शरीफ में सभासद नसीम अहमद, ताहिर पप्पू, हसन जाफरी भी शामिल हुए। वहीं उर्स की मेहंदी ए मिल्लत कमेटी के सय्यद शमी मियां, सय्यद काशिफ अनवार, जावेद खान, सलीम खान आदि ने पूरी व्यवस्थायें संभाली।

# बिजली विभाग ने डेढ़ दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बिजली विभाग के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान में आज टीम ने डेढ़ दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। विभाग की इस कार्यवाही से उपभोक्ताओं में खलवली मच गई है।

ग्रामीण क्षेत्र के अवर अभियंता मोहित कुमार वर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव जिगनियां भगवंतपुर में बिजली उपभोक्ताओं के घर घर जाकर चे. कंग की, जिसमें नीलम देवी, रतन लाल, राधेश्याम, सुमन तारा, वीरपाल, ओमवती, तुलाराम, वेदपाल, रामचंद्र, छत्रपाल, शिवानी, कमला सरन, नत्थो देवी, लता देवी बुद्धसेन राजू के खिलाफ कनेक्शन काटे जाने के बाद बिना बकाया जमा किए ही कनेक्शन जोड़ लिए जाने पर धारा 138 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही अवर अभियंता मोहित कुमार वर्मा ने नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला में भी चेकिंग की, जिसमें जरीना, सहाना, रफीक अहमद के खिलाफ धारा 138 और मो० इलियास के खिलाफ बिजली चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही से उपभोक्ताओं में खलवली मच गई है। टीम के साथ कस्बे के अवर अभियंता साबिर खान भी मौजूद थे।

# यौम ए अजा ए हुसैनी नाम से हुई नौहे ख्वानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** स्थानीय अंजुमन हैदरी के तत्वावधान में यौम ए अजा ए हुसैनी के नाम से यहां एक प्रोग्राम मुनक्किद किया गया। जिसमें स्थानीय अंजुमनों के अलावा मेहमान अंजुमनों ने भी शिरकत की। प्रोग्राम सुबह से शाम तक चलता रहा।



जलालपुर की अंजुमन हुसैनी, भनोली की सिपाह ए हुसैनी सुल्तानपुर की तुराब ए पंजतनी आदि अंजुमनों ने नौहख्वानी व सीना जानी की प्रोग्राम की देखभाल स्थानीय अंजुमन हैदरी के इसरार अहमद, शहाबुल जैदी, शोबी हैदरी, नसीम हैदर, अजीम हैदर आदि सहित अन्य लोगों ने किया।

पिछले अनेक वर्षो से होते आ रहे इस प्रोग्राम की जियारत को जन सैलाब उमड़ पड़ा।

# नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बरेली बार अध्यक्ष और एसडीएम ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक माह पहले निर्वाचित हुई एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी को एक समारोह में शपथ दिलाई गई। बरेली बार अध्यक्ष मनोज हरित और एसडीएम उदित पवार ने बार की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए बार और बैंच की बीच सामंजस्य बनाए रखने का आवाहन किया।



मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल गंगवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष बुद्धसेन कश्यप, सह सचिव ओमप्रकाश, आडिटर अरविन्द कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष अजय सिंह के साथ कार्यकारिणी सदस्यों गजेन्द्र सिंह, बांके लाल, प्रेमप्रकाश, अरविंद यादव, कृष्ण पाल और गोविन्द कुमार को बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और एसडीएम उदित पवार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में पहुंचीं एसडीएम न्यायिक निधि शुक्ला ने सभी अधिवक्ता साथियों से सहयोग करने का आवाहन किया। बरेली बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और एसडीएम उदित पवार ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपना पूरा सहयोग देने का वायदा किया।

संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य की प्रत्याशी हरजीत अरोरा, पूर्व अध्यक्ष और एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष महेश चंद गंगवार, लक्ष्मी नारायन गंगवार, राजेश पाल गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, शारिक खां, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अधिवक्ता पुरषोत्तम गंगवार, अशर्फी लाल गंगवार, संजीव गंगवार, श्रीपाल गंगवार, प्रदीप कुमार सूरी, दुर्गपाल सागर, चैतन्य प्रकाश श्रीवास्तव, राममोहन गंगवार, ओमेंद्र देव आर्य आदि ने जहां निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी, वहीं नई कार्यकारिणी से और भी बेहतर कार्य अधिवक्ता हित में करने की अपेक्षा की।

नव निर्वाचित अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने कहा कि वह अधिवक्ता साथियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे, और उनका किसी स्तर पर शोषण नहीं होने देंगे। उन्होंने अपने साथियों से भी उन्हें सहयोग करने का आवाहन किया। संचालन निवर्तमान सचिव दुष्यंत गंगवार ने किया, जिसमें निवर्तमान कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, महेंद्र गंगवार, हरिप्रसाद गंगवार, मो० हारून, विपिन पांडेय, निजाम हैदर जैदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथियों ने भाग लिया। समारोह में किसी भी न्यायिक अधिकारी के न पहुंचने को लेकर अधिवक्ताओं में खासी निराशा नजर आई।

# पांच सितम्बर को मनाई जाएगी ईद मिलादुन्नबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खघन फरमान मियाँ ने बताया कि मरकजी दारुल इफ्ता पर बैंगलोर से आई शरई शहादत के बाद 5 सितंबर को पूरे देश में ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस, महफिल-ए-मिलाद का आयोजन ईद मिलादुन्नबी का दिन मुसलमानों के लिए बेहद अहम है। इस दिन पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की पैदाइश का जश्न पूरी दुनिया में अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया जाता है।

**फरमान मियां ने शराब भट्टी बंद करने व सफाई व्यवस्था की उठाई मांग**

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस दिन शहर में सभी शराब की भट्टियां और अंग्रेजी शराब की दुकानें बंद रखी जाएं, ताकि माहौल की पवित्रता और धार्मिक भावनाओं की गरिमा बनी रहे। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम और संबंधित प्रशासन को चाहिए कि जुलूस के मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था की जाए, और जगह-जगह पानी का छिड़काव किया जाए। साथ ही स्ट्रीट लाइट और यातायात व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाए, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। समाज के लोग अमन, भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दें और ईद मिलादुन्नबी का पैगाम पूरी इंसानियत के लिए रहमत और इंसाफ है, इसलिए इसे शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रशासन से सहयोग की उम्मीद जताई और कहा कि ईद मिलादुन्नबी बरेली ही नहीं बल्कि पूरे मुल्क में भाईचारे तहजीब की मिसाल पेश करता है।

# वायुसेना परिसर के आसपास स्थानों पर कूड़ा डालने पर भरना पड़ेगा जुर्माना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कमिश्नर की अध्यक्षता में एयरफोर्स की हवाई क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को एयरफोर्स की हवाई क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में एयरफोर्स के सुरक्षा प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वायु यानों की उड़ान की सुरक्षा को विभिन्न कारणों से खतरा पैदा होता है, जैसे-बर्ड एक्टीविटी, अनाधिकृत निर्माण, ड्रोन, पंतग बाजी आदि इन समस्याओं के निस्तारण व सुरक्षात्मक उपाय किए जाने हेतु विस्तार से चर्चा की गयी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि एयरफोर्स स्टेशन के निकट स्थित ग्राम चावड़, भूड़ा, नैनीताल हाइवे, दिल्ली हाइवे आदि ऐसे स्थान हैं, जहां बड़ी संख्या में पक्षियों के उड़ने की समस्या आती है। नवम्बर, दिसम्बर माह में ड्रोन उड़ने की समस्या भी आती है, क्योंकि शादी, पार्टी की वीडियो ग्राफी हेतु लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। अवैध निर्माण कार्य की भी समस्या है, लोगों द्वारा निर्धारित मानक से ऊंचे मकान बना लिये जाते हैं। एयर फील्ड के आस-पास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर जल भराव व ड्रेनेज की समस्या से भी अवगत कराया गया।

कमिश्नर द्वारा चावड़ में जो आरआरसी सेंटर है उसको अन्यत्र शिफ्ट करने अथवा कूड़ा डम्पिंग हेतु अन्यत्र स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि वहां का आरआरसी सेंटर एकत्र होने वाले कूड़े के सापेक्ष काफी होता है। अतः कूड़ा डम्पिंग के लिए अन्यत्र स्थान चिन्हित कर कार्य किया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि एयरफोर्स स्टेशन के आस-पास स्थित एरिया में सफाई कर्मियों से बेहतर तरीके से साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए। करमपुर चौधरी में पानी निकासी की व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि सथरापुर में एक नया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनकर तैयार हो रहा है, जिससे स्थिति और बेहतर हो जाएगी।

बैठक में बताया गया कि पीलीभीत हाइवे के किनारे भी कूड़ा डंपिंग किया जा रहा है, जिससे पशु, पक्षी आ रहे हैं और होटल आदि वाले यहां कूड़ा भी डाल रहे हैं, जिसपर उन्हें नोटिस जारी करने व कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि फ्लाइंग एरिया के निकट पंतगबाजी रोकने हेतु सम्बंधित थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाए। बैठक में एयरफोर्स एरिया के आस-पास बंदरों और कुत्तों की बढ़ती संख्या पर भी चर्चा की गयी, जिसपर निर्देश दिए गए कि इन्हें पकड़ने हेतु नगर निगम द्वारा एजेंसी और बजट दोनों बढ़ाए जाएं।

बैठक में ग्राम चावड़ में पानी जमाव और पानी निकासी की व्यवस्था कराने, चावड़ में एक बड़ा आरआरसी सेंटर का निर्माण कराने, कूड़ा डम्पिंग एयरफोर्स स्टेशन के आस-पास ना किया जाने, बिना बीडीए की अनुमति एयरफोर्स एरिया के आसपास कोई निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने, अनाधिकृत वेंडरों की दुकानें हटाए जाने, एयरफोर्स एरिया के दस किलोमीटर के दायरे में मीट आदि की दुकानें खुले में न रखने व सम्बंधित अवशेषों का नियमानुसार निस्तारण कराने आदि के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मनिकन्डन ए., मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, पुलिस अधीक्षक नगर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा एयर फोर्स की तरफ से वायु कमान अधिकारी एयर कमोडर मधुप गंगोला, वांतरिक सुरक्षा एवं निरीक्षण अधिकारी विंग कमांडर दीपक प्रसाद, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ग्रुप कैप्टन राजीव रंजन, पूर्वी श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली वृहद पुनरीक्षण के सम्बन्ध में ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पंचायत निर्वाचन अत्यधिक संवेदनशील होते हैं, अतः मतदाता सूची तैयारी में विशेष सर्तकता बरती जाए, कोई गलत नाम जुड़ने न पाए तथा समस्त पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में अवश्य नाम दर्ज होना चाहिए। समस्त उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण एक साथ मिलकर कार्य करें, और आपस में समन्वय बनाकर चलें। फील्ड में जब भी जाएं तब बीएलओ के कार्यों की जांच अवश्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ 19 अगस्त से 29 सितंबर एक अपनी तैनाती स्थल पर घर-घर जाकर गणना का कार्य अवश्य करें, यदि कोई शिकायत आती है तो उसका त्वरित निस्तारित भी करें। बैठक में सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए कि ई-बीएलओ ऐप डाउनलोड करें, तथा ई-बीएलओ ऐप परिवर्धन, संशोधन, विलोपन की फीडिंग कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा ई-बीएलओ ऐप के संचालन के सम्बन्ध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी। ई-बीएलओ ऐप पर जनपद में सबसे अधिक फीडिंग करने वाले 08 बीएलओ को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में धनराशि का भुगतान किया जाएगा।

प्रथम पुरस्कार 10000 द्वितीय 8000 तथा तृतीय 6000 और 5 बीएलओ को सांत्वना पुरस्कार 3000) राशि से सम्मानित किया जायेगा। समस्त बीएलओ को ई-बीएलओ ऐप पर कार्य करने के लिए 200 रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# कितने जीवित बचे पौधे स्थलीय सत्यापन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में रोपे गए 45.93 लाख पौधों की असलियत जानने को स्थलीय सत्यापन कराया जा रहा है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 26 अधिकारियों को नामित करते हुए अंतर विभागीय जांच शुरू कराई है। सत्यापन रिपोर्ट 15 दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जन आंदोलन के तहत रोपे गए लाखों की संख्या में पौधों में कितने जीवित रह गए हैं, जांच में इसकी सही स्थिति सामने आ जाएगी। पौधरोपण और जियो टैगिंग में किए गए फर्जीवाड़ा करने वालों का सच भी उजागर हो आएगा। मुख्य सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद में 26 सरकारी विभागों की ओर से रोपे गए 3955400 और वन विभाग ने 6.37 लाख रोपे गए पौधों का भौतिक सत्यापन कराने के लिए जिला वृक्षारोपण समिति के माध्यम से अंतर विभागीय जांच समितियां गठित की हैं। जिलाधिकारी ने अंतर विभागीय टीमें गठित कर अन्य विभागों द्वारा रोपित किए पौधों के रोपण क्षेत्रों के भौतिक स्थलीय सत्यापन के साथ-साथ पौधरोपण की सफलता का आकलन करने के लिए 26 अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सत्यापान रिपोर्ट तैयार करने के लिए अधिकारियों को तालिका भी भेजी गई है। इसमें विकास खंड, ग्राम पंचायत, स्थल का नाम, रोपित पौधों की संख्या, जीवित पौधों की संख्या, सफलता प्रतिशत, वृक्षारोपण पंजिका संधारित है या नहीं, क्या संधारित वृक्षारोपण पंजिका का निरीक्षण किया गया या नहीं आदि बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। रोपे गए पौधों का सत्यापन 15 दिन में पूरा कर रिपोर्ट प्रभागीय वनाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# 28 अगस्त से शुरू होगा जैन समाज का दशलक्षण पर्व

**दस दिनों तक गूंजेगी भक्ति और संयम की साधना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का पावन महापर्व दशलक्षण पर्व इस वर्ष 28 अगस्त से बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ होने जा रहा है। यह पर्व पूरे दस दिनों तक चलेगा, जिसमें जैन श्रावक-श्राविकाएं भक्ति, संयम और त्याग का पालन करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेते हैं।

जैन धर्म की मान्यता है कि 84 लाख योनियों में भटकने के बाद प्राप्त हुआ मनुष्य जीवन ही ऐसा जीवन है, जिसमें आत्मा को मोक्ष की ओर अग्रसर करने का अवसर मिलता है। इस महापर्व के दौरान जैन अनुयायी सात्विक भोजन, उपवास और संयम का पालन करते हैं। कई श्रद्धालु तो निर्जल उपवास कर अपनी आत्मा को तप और साधना के मार्ग पर दृढ़ बनाते हैं।

प्रत्येक प्रातः श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पूजा, प्रक्षाल एवं अभिषेक का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाजजन भाग लेंगे। इसके अलावा सांध्य बेला में सामूहिक आरती, शास्त्र वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

इस पर्व में जैन धर्म के दस लक्षणों का पालन अनिवार्य माना जाता है उत्तम क्षमा क्रोध त्यागकर हृदय में क्षमा का भाव धारण करना। उत्तम मार्दव अहंकार को गलाकर विनम्रता और समता अपनाना। उत्तम आर्जव कपट और छल से दूर रहते हुए सच्चाई को अपनाना। उत्तम शौच आत्मा को



क्रोध, मान, माया और लोभ जैसी कषायों से मुक्त कर शुद्ध बनाना। उत्तम सत्य सत्य का पालन करना, झूठ और विश्वासघात से बचना। उत्तम संयम अपनी इंद्रियों और मन को वश में रखना। उत्तम तप आत्मा को तपकर स्वच्छ और निर्मल बनाना, जैसे सोना तपने से चमकता है। उत्तम त्याग दान करना और अनावश्यक वस्तुओं का परित्याग करना। उत्तम आकिंचन्य परिग्रह का त्याग कर संचय से दूर रहना। उत्तम ब्रह्मचर्य जीवन में पवित्रता और ब्रह्मचर्य का पालन करना।

24 अगस्त को दोनों ही मंदिरों में मंजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सभी प्रतिमाओं और वेदियों का विशेष शुद्धिकरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुषों ने भाग लिया और मंदिर परिसर को भक्ति और सेवा से गुंजायमान किया।

पर्व की संयोजिकाएं डॉ. शीनू जैन एवं वर्षा जैन ने बताया कि इस वर्ष भी दशलक्षण पर्व बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भावना के साथ मनाया जाएगा। अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देने वाला यह पर्व न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# चतुर्थ उत्तर प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रामपुर के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नारायणपुर लढौरा, रामपुर स्थित साइंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सब जूनियर वर्ग में लखनऊ में आयोजित चतुर्थ उत्तर प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कीड़ा स्टेडियम में दिनांक 23-08-2025 से 24-08-2025 किया गया था। साई सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने सब जूनियर वर्ग में हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा 6 के छात्र विनय कुमार ने गोल्ड मेडल, कक्षा आठ की छात्रा रोहिणी ने गोल्ड मेडल, विवेक ने सिल्वर मेडल, आफिया और कुलदीप ने ब्रान्ज मेडल प्राप्त किए।

विद्यालय के छात्र विनय और छात्रा



रोहिणी को नेशनल किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप के लिए हुआ है। जो आसाम में खेला जाएगा। ये सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय में इनके कोच जितेन्द्र सिंह एवं रामपुर किक बॉक्सिंग फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी प्रेम सिंह के निर्देशन में लखनऊ में हुई चौंपियनशिप में खेले।

नेशनल चौंपियनशिप के लिए चुने गए छात्र ख़ छात्रा को उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग फेडरेशन की ओर से किकबॉक्सिंग किट प्रदान की जाएगी।

इन छात्र-छात्राएं के विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना एवं उपप्रधानाचार्य पंकज कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। तथा नेशनल चौंपियनशिप की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ मानव अधिकारों के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान मा. सदस्य ने कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बारे में इस प्रकार से आम जनमानस को जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने मानव अधिकारों का उल्लंघन न हो इसके लिए मजबूत कदम उठाने पर जोर दिया। कानूनगो ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं आयुष्मान योजना,



वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजनों को वितरित किए जाने वाले उपकरण, अनुसूचित जाति की बालिकाओं के साथ होने वाले अपराध के पश्चात मिलने वाली सहायता, प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की स्थिति व मानव अधिकारों के तहत पीड़ितों को मिलने वाले अन्य लाभ संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समय से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि मानव अधिकार पीड़ितों को समय से न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जा सके। मा. सदस्य ने सभी अधिकारियों को व्यापक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उनके निस्तारण के लिए सभी ग्राम सभाओं में वृहद स्तर पर बैठक का आयोजन करायें, जिसमें महिला सदस्य को अध्यक्ष बनाया जाये, जो उनकी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखे। मा. सदस्य ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में सभी दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करें और ब्लॉक स्तर पर कैंप लगवाकर 01 माह के भीतर सभी के प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पार्टी और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं बूथ अध्यक्षः हरीश गंगवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष केवल पद नहीं, बल्कि संगठन का सबसे अहम स्तंभ होता है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है, जो न केवल भाजपा की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाता है, बल्कि जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को भी संगठन तक लाता है। ऐसे में बूथ स्तर पर संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, चुनाव में जीत भी उतनी ही बड़ी होगी।

फूटा महल स्थित जैन मंदिर पर हुई बूथ अध्यक्षों की बैठक में हरीश गंग. वार ने कहा कि आज का युग संगठनात्मक दक्षता का है। जो पार्टी जितना मजबूत संगठन खड़ा करती है, वह उतनी ही बड़ी जीत हासिल करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बूथ स्तर पर अपनी रणनीति को और सशक्त करें, ताकि आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों में भाजपा फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन कर सके। उन्होंने संगठनात्मक कौशल को लेकर कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वे समय-समय पर प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रमों में भाग लें। इससे न केवल उनकी कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि वे तकनीकी और वैचारिक रूप से भी सशक्त होंगे। हर बूथ पर 20 से 25 सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार



करने, नियमित संपर्क अभियान चलाने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने की अपील की। उन्होंने 93 बूथ अध्यक्षों से संपर्क किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू सुमन, संजय पाठक, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, मनीष कथूरिया,लालसिंह प्रजापति , मुकुल रस्तोगी, श्रेयांश भारद्वाज, सचिन कुमार, सिद्धार्थ शर्मा, नरेश गुप्ता, आकाश सक्सेना, रविंद्र शर्मा, भगवत शरण सक्सेना, संजीव श्रीमाली, रवि खत्री आदि उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी तालाबों से नहीं हटाए जा रहे ग्रामीणों कब्जे

**जिलाधिकारी से की तालाबों को कब्जा मुक्त कराने की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी क्षेत्र के कई गांवो से तालाबों से अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे हैं जिस गांव में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है और जल संकट की स्थिति पैदा हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी तहसील के प्रशासनिक अधिकारी तालाबों से अवैध कब्जे हटाने में नाकाम है कई स्थानों पर तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे करके घरों का निर्माण कर लिया गया है।

नगर के मोहल्ला भूबरा बिजार खाता खानपुर उत्तरी समेत आसपास के गांव में तालाबों पर अवैध कब्जे कर मकान का निर्माण कर लिया है जिससे बरसात में तालाब के आभाव में पानी का ठहराव नहीं हो पता है। बिजार खाता मैं तो कुछ ग्रामीण तालाब को खोद जाने की मांग जिला अधिकारी से कर चुके हैं जिलाधिकारी ने इस मामले में स्वार तहसील प्रशासन से रिपोर्ट भी तलब की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

प्रशासनिक अधिकारियों के ढुलमुल रवैया को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

तालाब न होने के कारण गांव में जल भराव की स्थिति बरसात के मौसम में बन जाती है और ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उधर स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल ने बताया कि तालाबों की स्थिति की जांच कराई जा रही है शीघ्र ही जांच उपरांत तालाबों की स्थिति स्पष्ट की जाएगी और अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।

## जेठ पर फिदा हुई छोटे भाई की पत्नी

**पति से बोली पत्नी पीछा छोड़ देना, वरना हत्या कर नीले ड्रम में भर दूंगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें लिखा है कि मैं बाहर रहकर काम करता हूं। घर पर मेरी पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर पर रहती है मेरे बड़े भाई जो कि शादीशुदा है परंतु मेरे भाई ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया है।

पीड़ित अपने पत्नी को खर्चा के लिए रुपए भेजता रहता था जब पीड़ित चार महीने बाद आया था इसी बीच पीड़ित की पत्नी का संपर्क अपने जेठ से हो गया और दोनों के अवैध संबंध हो गए। पीड़ित 6 माह के बाद रक्षाबंधन के बाद अपने घर पर आया तो पत्नी ने अपने पति को घर में नहीं घुसने दिया और कहने लगी की अपने जेठ के साथ खुश हूं और उन्हीं के साथ मैं रहना चाहती हूं। यदि तुम जबरदस्ती मुझको अपनाआ. ेगे तो मैं तुम्हारी हत्या करके तुमको नीले ड्रम में बंद करा कर फिकवा दूंगी। यह बात पीड़ित के भाई ने कही थी पीड़ित ने अपने ससुराल में इस बारे में बताया तो पीड़ित के ससुराल वालों ने कहा कि हम लड़की से संबंध विच्छेद कर रहे हैं।

अगर तुम्हारी पत्नी अपने जेठ के साथ खुशी से रहना चाहती है तो बह रहे मुझे इसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। पीड़ित ने कहा कि मेरी पत्नी तथा अपने बड़े भाई से अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है।

दोनों लोग मेरे साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम ना दें मेरी पत्नी तथा मेरे भाई दोनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है।

इसलिए पीड़ित अपनी पत्नी तथा बड़े भाई अपनी जान का भी खतरा बना हुआ है क्योंकि यह लोग कह रहे थे कि मेरे हिस्से की जमीन किसी तरीके से मेरे नाम आएगी तो मेरे बड़े भाई कहने लगे कि पहले पीड़ित को मारना पड़ेगा।

इसलिए पीड़ित को अपनी पत्नी तथा अपने बड़े भाई से जान माल का खतरा बना हुआ है इस संबंध में तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चाउपुरा कुंदनपुर संपर्क मार्ग गहरी गढ़ों में तब्दील जल भराव से ग्रामीण हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के चाउपुरा कुंदनपुर मार्ग पर गहरे गढ़ों में जल भराव हो जाने से ग्रामीणों का आवागमन दुश्वार हो गया है ।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से संपर्क मार्ग की हालत दुरुस्त करने की मांग की है। नगर से चाउपुरा होकर कुंदनपुर रहमतगंज को संपर्क देने वाला मार्ग आबादी में गहरी गढ़ों में तब्दील हो गया है पानी की जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों का दूषित पानी सड़क पर ठहर जाता है और सड़क में गड्ढे होकर पानी भर जाता है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले की शिकायत कई बार



निर्माण विभाग से की गई लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सड़क को दुरुस्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण हरीश कुमार वीरेंद्र सिंह पवन कुमार दिलीप कुमार राकेश कुमार ब्रह्मपाल सिंह आदि ने जिला अधिकारी से मार्ग दुरुस्त करने की मांग की है।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गंदगी पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिलारी।** मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम विनय कुमार सिंह को रुस्तम नगर सहसपुर में फैली गंदगी को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि रुस्तम नगर सहसपुर में भारी तादाद में लोग रहते हैं। सिद्धार्थनगर से सड़क तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कई बार स्कूल जाते समय बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। सफाई कर्मी सिद्धार्थनगर में सफाई नहीं करते, जिसकी वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग उठाई गई।

## कोर्ट आदेश पर पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर इंजीनियर गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर न्यायालय के आदेश पर देवरिया पुलिस ने एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। विवेक पटेल का विवाह करीब पाँच वर्ष पूर्व प्रियंका पटेल से हुआ था। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक-ठाक रहा, इसके बाद दोनों ठाकुरद्वारा आकर रहने लगे। विवेक पटेल ठाकुरद्वारा स्थित एक फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद बढ़ा तो मामला न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने विवेक पटेल को पत्नी प्रियंका पटेल को प्रति माह 20 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। शुरुआत में कुछ समय तक भत्ता जमा किया गया, लेकिन बाद में विवेक ने न तो गुजारा भत्ता अदालत में जमा किया और न ही मुकदमे की तारीखों पर हाजिर हुए। इस पर न्यायालय के आदेश पर विवेक पटेल के खिलाफ बीएमडब्ल्यू वारंट जारी कर दिया गया।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून अति शीघ्र बनाए सरकार : शंखधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की एक बैठक ग्राम क्रमचा में जगदीश प्रसाद मिश्रा जी के निवास स्थान मेन रोड़ पर आयोजित की गई।

बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा हिन्दू हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है आज देश में हिन्दुओं की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है जो कि चिंता का विषय है जबकि देश में गैर हिन्दुओं की जनसंख्या अत्याधिक तेजी के साथ बढ़ रही है जो कि हिन्दू समाज के लिए घातक हो सकती है हमारा



संगठन निरंतर सरकार से मांग कर रहा है कि अति शीघ्र ही देश में जनसंख्या नियंत्रण कघनून बनाया जाए जिसके तहत जो भी व्यक्ति दो बच्चों से अधिक बच्चे पैदा करता है उसको मताधिकार से वंचित करते हुए सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाना चाहिए। तभी देश में जनसंख्या नियंत्रण किया जा सकता है। बैठक में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल पुष्पेन्द्र गंगवार के प्रस्ताव पर ग्राम ऐंचोरा निवासी कौशल मिश्रा को ब्लॉक उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल मिलक बनाए जाने की घोषणा की गई जिस पर सभी ने ओम की ध्वनि करते हुए प्रस्ताव को पास किया। बैठक में विशाल दुबे, कृष्ण मुरारी शर्मा, पवन पटेल, अरुण मौर्य, अनुज मौर्य, दीनदयाल मौर्य, जगदीश मिश्रा, सतीश मिश्रा, विनोद शर्मा, देवेन्द्र गंगवार, विवेक शर्मा, सुनील गंगवार, महेन्द्र पाल गंगवार, दीपक गंगवार, नोनीराम, प्रमोद श्रीवास्तव, हरपाल राजपूत, सोमपाल यादव, रामपाल गंगवार, छोटेलाल गंगवार, हरीश, दीपांकर गंगवार, शिवशंकर चन्द्रवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकारी भूमि पर अभिलेखों में फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी करने पर

# 23 व्यक्तियों और तत्कालीन राजस्व कर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**जिलाधिकारी के निर्देशन में गठित टीम की संस्तुति के आधार पर की गयी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सरकारी भूमि पर अभिलेखों में फर्जीवाड़ा करके अवैध तरीके से सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने अभिलेखों को गायब करने व क्षतिग्रस्त करने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 23 व्यक्तियों और तत्कालीन राजस्व कर्मियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई है।

तहसील सदर के ग्राम शहीद नगर और अजीतपुर की सरकारी भूमियों पर फर्जी प्रविष्टियों, भूमि का अवैध रूप से क्रय विक्रय करने और अवैध कब्जों की शिकायत मिलने पर जांच हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी सदर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी व डिप्टी कलेक्टर की टीम गठित की।

टीम द्वारा जांच में पाया गया कि ग्राम सईदनगर हरदोपट्टी की सरकारी भूमि कुछ व्यक्तियों के नाम बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के फर्जी रूप से दर्ज हैं और अभिलेखों में फेरबदल किया गया है। समिति की संस्कृति पर 23 व्यक्तियों सहित मामले में शामिल तत्कालीन राजस्व कर्मियों के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी जैसे गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह भूमि मुख्य हाइवे पर स्थित है, जिस पर कथित कार बाजार के रूप में कुछ व्यक्तियों का अवैध कब्जा है।

उन्होंने बताया कि जनपद में ऐसी अन्य सरकारी भूमियों के संबंध में भी जांच प्रचलित है और सरकारी भूमियों को क्षतिग्रस्त करने एवं अभिलेखों में फर्जीवाड़ा करने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा आगे भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## रामबाग धाम के पीछे नाले में मिला शव

**चन्दौसी।** मंगलवार को एक ही दिन में दो घटनाएं हो गयीं जिससे लोग दहशत में आ गये। एक घटना कैथल में 16 वर्षीय छात्र सुमित की गला काटकर हत्या व दूसरी घटना में रामबाग धाम के पीछे नाले में शव का मिलना। यहां जैसे ही मीडियाकर्मी कैथल में छात्र की हत्या की सूचना पर पहुंचे, इसके तुरंत बाद ही सूचना मिली कि रामबाग धाम के पीछे नाले में शव पड़ा हुआ है। किसी राहगीर की निगाह नाले पर पड़ गयी जिसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी संभल के.के. बिश्नोई, एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को नाले से निकाला गया। यहां बताते चलें कि शहर में नाले से शव मिलने की यह सनसनीखेज तीसरी घटना है।

# टांडा तहसील में किसानों की पंचायत, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंगलवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय तहसील परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत की। पंचायत के दौरान किसानों ने विभिन्न मांगों को पूरा ना करने पर रोष जताया और उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को पंचायत में बुलाने की मांग की। काफी देर बाद उप जिलाधिकारी पंचायत स्थल पहुंचे तो किसानों ने नों सूत्रीय मांग पत्र उन्हें सौंपा। इससे पहले भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसानों का काफिला जिला मुख्यालय से लालपुर बैराज पहुंचा, जहां किसानों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद स्थानीय तहसील परिसर में पंचायत का आयोजन हुआ।

हसीब अहमद ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए





कहा कि किसानों को मुख्य धारा में लाने के लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य है। इससे सरकारी लाभ लेने में भी आसानी होगी।

वहीं सड़कों के टूटने का मुद्दा और बिजली समस्या का मुद्दा उठाया। इसको लेकर 9 बिंदु मांग पत्र उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम बादली से ग्राम खुशहालपुर तक मार्ग, खुशहाल. पुर से हमीरपुर तक का मार्ग, ग्राम हमीरपुर-खुशहालपुर-चौधरपुर आदि गांवों में विद्युत लाइन बहुत नीची है, उसको दुरुस्त करके सैदनगर बिजली घर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था किया जाना, कोसी नदी में आई बाढ़ से ग्राम-प्रानपुर, लालपुर, ईश्वरपुर, सूरजपुर आदि गांवों की फसलें नष्ट हो गई हैं। सर्वे कर किसानों को मुआवजा वितरण हो।

टांडा में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों और किसानों का उत्पीड़न ना हो। इसके सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हसीब अहमद, दरियाब सिंह यादव, रामदास मौर्य,सरफराज, रामबहादुर यादव, प्रमोद,छिदा नेता, मोहम्मद तालिब, मंजीत सिंह अटवाल, चौधरी राजपाल, जावेद आलम, दरबारी लाल शर्मा, असगर अली, मोहसिन, चौधरी रघुवीर सिंह, चौधरी भोला, नल सिंह यादव, चौधरी शकील युवा नेता, नासिर चौधरी, इरफान ठेकेदार, फहीम चौधरी, शमीम, निजाम चौधरी, फारूक, जुल्फिकार लोधीपुर, असीम ढक्का नगलिया,डॉक्टर अखिल खुशहाल. पुर, विरासत चौधरी, जब्बार चौधरपुर, नबी अहमद, डॉ. अनस खुशहालपुर, डॉ. मिराज खुशहालपुर छिद्दा नेता, पूरन सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

## प्रतिनियुक्ति कार्यकाल बढ़ने से खुशी का माहौल : काशिफ खां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने आईएएस आन्जनेय कुमार सिंह का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल एक साल और बढ़ाए जाने पर खुशी जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि आन्जनेय कुमार सिंह ने रामपुर के डीएम और इसके बाद मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर के पद पर कार्य करते हुए अवाम के दिलों को जीत लिया।

वो बेसहारा लोगों के सहारा और मजलूमों के लिए इंसाफ की किरण बन गए। इसीलिए लोगों के दिलों में इतना प्यार और सम्मान देखने को मिला। लोगों ने उनके प्रतिनियुक्ति कार्यकाल बढ़ाए जाने के लिए मंदिरख़मस्जिद, गुरुद्वारों में दुआएं मांगी और दरगाहों पर चादरें भी चढ़ाईं।

उन्होंने कहा कि लोगों की दुआएं कुबूल हुईं और वो आदेश आ ही गया, जिसका सबको बेसब्री से इंतजार था। इस आदेश के बाद जनता में खुशी का माहौल है। लोग जश्न मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अल्लामा इकबाल ने बिल्कुल सही लिखा है कि हजारों साल नर्गिस अपनी बे-नूरी पे रोती है, बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदा-वर पैदा।

# पुलिस लाइन में करंट से इलैक्ट्रीशियन की मौत

## बिना कार्रवाई के शव ले गए परिजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस लाइन में फिटिंग का काम कर रहे कानपुर के इलैक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गयी। परिजन बिना कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गये।

कानपुर जिले के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव चाचे में अखिलेश पाल का परिवार रहता है। उनका 21 वर्षीय बेटा शुवांशु पेशे से इलेक्ट्रिशियन था।शुवांशु अमरोहा में जोया रोड पर पुलिस लाइन का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था के अधीन बतौर इलेक्ट्रीशियन बिजली की फिटिंग का काम कर रहा था। सोमवार शाम काम करते समय शुवांशु करंट की चपेट में आ गया। तेज झटका लगते ही बेहोश होकर गिरते ही अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी अमित कुमार आनंद व एएसपी अखिलेश भदोरिया ने भी मौका-मुआयना किया। तुरंत शुवांशु को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि इलेक्ट्रीशियन शुवांशु की मौत करंट लगने से हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए हैं। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# प्लॉट न बेचने पर पत्नी को जिंदा जलाने का प्रयास

## सिपाही पति समेत सात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्लॉट नहीं बेचने पर सिपाही पति ने परिजनों के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग में तैनात पत्नी को आग के हवाले कर दिया। जो गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। भाई की तहरीर पर पति समेत सात के खिलाफ हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गजरौला थानाक्षेत्र के भानपुर खालसा में वचन सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी पारुल की शादी वर्ष 2013 में नारंगपुर गांव के रहने वाले देवेंद्र के साथ की थी। वर्तमान में देवेंद्र यूपी पुलिस में कांस्टेबल है और उसकी तैनाती रामपुर जिले में है। जबकि पारुल स्वास्थ्य विभाग में जीएनएम के पद पर तैनात है और उसकी पोस्टिंग ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र इकौंदा में चल रही है। भाई कपिल सिंह की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उसकी बहन पारुल के नाम पर एक प्लॉट है। जिसे लेकर उसके ससुराल वाले डेढ़ साल से परेशान कर रहे हैं। एक साल पहले भी मारपीट की थी। इस दौरान पारुल ने जोया पुलिस चौकी में शिकायत की तो समाज के लोगों ने फैसला कर दिया था। बावजूद इसके ससुराल वाले प्लॉट को लेकर लगातार परेशान कर रहे हैं। पारुल के साथ मारपीट की जाती है। ससुराल वाले उसके एटीएम कार्ड से सैलरी भी निकाल लेते हैं। सिपाही देवेंद्र शराब पीने का आदी है। शराब पीकर यह लोग पारुल को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि 26 अगस्त को ससुराल वालों ने पारुल के साथ मारपीट करके जान से मारने की नीयत से आग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पड़ोसियों की सूचना पर मायके वाले पहुंचे तो उससे पहले ससुराल वाले वहां से भाग गए। इस दौरान गंभीर रूप से जली हुई पारुल अचेट अवस्था में घर के आंगन में पड़ी हुई थी। लिहाजा मायके वालों ने उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया है। आईसीयू में भर्ती पारुल की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पारुल के भाई कपिल सिंह की तहरीर पर देवेंद्र, सोनू, गजेंद्र, अनीता, जितेंद्र और संतोष के खिलाफ हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विवेचना में दरोगा ने किया खेल, निलम्बित

## डीआईजी के आदेश पर विभागीय जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दरोगा द्वारा जांच के नाम पर बड़ा खेल किया गया। जमानत खारिज कराने के उद्देश्य से सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दिखाकर अपराधिक रिकार्ड अदालत में पेश कर दिया गया। शिकायत पर डीआईजी ने मामले की जांच करायी तो पीड़ितों के सभी आरोप सही पाये गये। जिस पर एसपी ने दरोगा को निलम्बित कर दिया है।

बीती 19 जुलाई को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगदासपुर में रहने वाले दिनेश और परम सिंह के परिवारों के बीच आपस में जमकर मारपीट हुई थी। लाठी-डंडे चलने के साथ एक-दूसरे पर पथराव भी किया गया था। मामले में पुलिस ने दिनेश की तहरीर पर गगन, परम, रवि, रविंद्र, वंदना व भूरी के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था जबकि परम सिंह की तहरीर पर तीन दिन बाद पुलिस ने गांव के राशन डीलर दाताराम, करनपाल, दिनेश, जयपाल, बिंदेश, नेमवती व सुशील के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। दोनों मुकदमों की विवेचना कोतवाली में तैनात दरोगा फूलकंवार को सौंपी गई थी। विवेचना में दरोगा ने लापरवाही बरती। आरोप है कि दिनेश कुमार की तरफ से दर्ज मुकदमे में घायलों की मेडिकल रिपोर्ट से जुड़ी सप्लीमेंट्री रिसीव करने में जानबूझकर देर लगाई। वहीं, परम सिंह की ओर से दर्ज मुकदमे में बेल कमेंट्स को गंभीरता से नहीं लिखा। लापरवाही बरतते हुए इंस्पेक्टर की संस्तुति के बिना आरोपियों का कथित अपराधिक रिकॉर्ड अदालत में दाखिल कर दिया। जमानत खारिज कराने के उद्देश्य से आरोपियों पर सात मुकदमे दिखाए जबकि उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं था। दरोगा की इस चाल से आरोपियों को जमानत नहीं मिल सकी। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत डीआईजी मुनिराज जी से की थी। डीआईजी स्तर से जांच कराई गई तो आरोप पुष्ट हुए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि अनुशासनहीनता और अपने कर्तव्य व दायित्व में लापरवाही बरतने के मामले में डीआईजी ने दरोगा फूल कंवार को निलंबित कर दिया है। साथ ही दरोगा की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# सीरत-ए-नबवी पर चलने की ताकीद

## मुस्लिम कमेटी की ओर से नातिया मुशायरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी के संयोजन में ईद मिलादुन्नबी के 17 दिवसीय कार्यक्रम की कड़ी में सोमवार रात पहला नातिया मुशायरा व जलसा मोहल्ला लकड़ा स्थित मदरसा बाजार रज्जाक में आयोजित किया गया। उलेमाओं ने जहां लोगों को सीरत-ए-नबवी पर चलने की ताकीद की तो वहीं शायरों ने रसूले अरबी की शान में नाते सुनाकर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया। जलसा और महफिल-ए-नात की शुरुआत कारी एहसान ने कुरान की तिलावत से की। इसके बाद शायर नाजिम हुसैन आरिफ, मेहरबान अमरोहवी, अमजद अमरोहवी, अनीस अमरोहवी, डा. नासिर अमरोहवी, मुबारक अमरोहवी, डा.जमशेद कमाल अमरोहवी, मौलाना साद अमरोहवी, जुबैर इब्न सैफी, डा. लाडले रहबर, हसन इमाम, डा.अफसर परवेज ने नात का नजराना पेश किया। महफिल की सरपरस्ती हाजी नसीम अहमद खां तथा अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन डा. अफसर परवेज ने की जबकि संचालन डा. नासिर अमरोहवी ने किया। आखिर में मदरसा जामिया इस्लामिया अरबिया जामिया मस्जिद अमरोहा के मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने रबी-उल-अव्वल के मुबारक महीने पर रोशनी डाली। कहा कि इस महीने की रहमत पूरी दुनिया पर अपनी छाया डाल रही है। ये वो पाक महीना है, जिसमें पैगंबर मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) दुनिया में तशरीफ लाए और आपकी आमद से बुराइयों का खात्मा हुआ और जहालत के अंधेरे हमेशा के लिए मिट गए। आपने असल में लोगों को जिंदगी जीने का सलीका सिखाया, हमें उन्हीं के बताए रास्तों पर चलना चाहिए। दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष इकबाल अहमद खान, इकरार अहमद अंसारी, कौसर अली अब्बासी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# नाबालिग को घर से उठाया, दो पर मुकदमा

## ग्रामीणों में आक्रोश व डर का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर रात सनसनीखेज मामला सामने आया। आरोप है कि गांव के ही दो युवक घर से 16 वर्षीय किशोरी को उठाकर ले गए। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

किशोरी के भाई ने थाने में दी तहरीर में साफ कहा है कि उसकी बहन घर से अचानक लापता हो गई। तलाश करने पर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद गांव के ही महताब और शादाब पर आरोप लगाते हुए कहा कि वही दोनों उसकी नाबालिग बहन को उठाकर ले गए हैं। तहरीर में भाई ने बहन की जान और आबरू को खतरा होने की आशंका भी जताई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है और दोनों आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि किशोरी को जल्द बरामद कर लिया जाएगा और आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद किशोरी के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश और डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि यह घटना बेहद गंभीर है और पुलिस को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी

## एक नजर

### साजिद दोबारा बने राष्ट्रीय सचिव



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** साजिद अली को मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड को दोबारा राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमेन जाहिद हुसैन एडवोकेट के प्रतिष्ठान पर मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड का साजिद अली को दूसरी बार राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किये जाने पर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें मुबारकबाद दी। उधर श्री अली ने बताया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है वह पूरी ईमानदारी से पार्टी को मजबूत करने में लगायेंगे। 2027 में उनका लक्ष्य प्रदेश में सपा की सरकार बनाना है। स्वागत करने वालों में हाजी जमशेद, हाजी शादाब, शजर आलम, मुशर्रफ अली, गजूर गाजी, तौसीफ चड्ढा, मुसाफ प्रधान, मुजफ्फर सैफी, मुमताज अली, असद प्रधान आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** थाना क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती ने स्वजनों द्वारा इच्छा के विरुद्ध शादी कराने की भनक लगते ही देर शाम थाने का रुख किया। थाने पहुंचकर युवती ने पुलिस को बताया कि उसका मुरादाबाद निवासी स्वजातीय युवक से बीते चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा हैद्य और वह शादी केवल अपने प्रेमी से ही करना चाहती है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती के स्वजनों को थाने बुलाया और काफी देर तक समझाने का प्रयास कियाद्य लेकिन युवती अपनी जिद पर अड़ी रही। इस बीच युवती ने अपने प्रेमी से फोन पर बातचीत की, जिसमें युवक ने उसे अगले दिन मिलने आने की बात कही। इसके बाद युवती अपने स्वजनों के साथ घर लौट गई।

### सास-बहू में विवाद, थाने तक पहुंचा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली क्षेत्र के पांयती कलां गांव में सास-बहू के बीच कहासुनी के बाद मामला मारपीट और थाने तक पहुंच गया। गांव निवासी मिंयाजान के बेटे फहीम ने करीब आठ माह पूर्व मुरादाबाद जिले के बरवाला निवासी राहेबिन से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही दोनों पति-पत्नी गांव में रह रहे हैं।बताया जा रहा है कि सास सलमा ने बहू राहेबिन को उसके चाल-चलन को लेकर समझायाद्य जिस पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई। इस झगड़े में सास और बहू दोनों को चोटें आईं।घटना के बाद दोनों महिलाएं थाने पहुंचीं और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कचहरी से लौटते विधि छात्र को पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** कचहरी से लौट रहे एलएलबी के छात्र को दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। दो भाईयों समेत तीन के खिलाफ नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार बिलाल पुत्र आबिद हुसैन गांव श्यौनाली 26 अगस्त को कचहरी में किसी काम से आया था। जब वह वापस लौट रहा था तो हिल्टन स्कूल के पास जैबू, जैद पुत्रगण जावेद निवासी गांव पलौला व फरदीन पुत्र फहीम ने अपने अज्ञात साथियों के साथ उसे घेर लिया तथा उसे पीटकर घायल कर दिया। गौरतलब है कि जैबू व जैद के पिता जावेद जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में उनके बेटों के द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है। हमलावरों के खिलाफ देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** थाना क्षेत्र के अम्हेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक से मारपीट और जानसे मारने की धमकी देने पर चार पर प्राथमिकी दर्जद्यजानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान तरीस का बेटा अतीक अपनी बाइक से आटा चक्की जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही चार लोगों ने उसकी बाइक रोक ली और पुरानी रंजिश मानते हुए गाली-गलौज तथा मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित अतीक ने घटना की तहरीर थाने में दीद्य जिसमें गांव के ही सारिक, शाहरूख, रूकसे आलम और हासिम को नामजद किया है।पुलिस ने अतीक की तहरीर पर चारों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### चमन बने भाकियू भानू के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष बनने पर चमन चौहान का कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को उनके आवास पर पहुंचकर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठन में उच्च पदाधिकारियो द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। वह उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं किसानों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखकर उसका निस्तारण करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अधिकारियों द्वारा किसी भी किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष लोकेश चौहान, हसीन चौधरी,डॉ हाशिम चौधरी,डॉक्टर जमशेद चौधरी,राजीव चौहान,राहुल चौहान, हरपाल सिंह,अमरपाल सिंह, महेंद्र सिंह,प्रेम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# बैलगाड़ी के सामने तेंदुआ देख उड़े किसानों के होश

## कुछ दिन की खामोशी के बाद फिर दी दस्तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आबादी के बीच तेंदुए को लेकर बनी दहशत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। क्षेत्र के गांव लंबिया के जंगल में फिर से तेंदुआ देखने का दावा किया गया है। तेंदुआ अब खेतों से चारा लेकर घर लौट रहे किसानों की बैलगाड़ी के सामने आकर खड़ा हो गया। करीब तीन मिनट तक तेंदुआ रास्ता घेरे खड़ा रहा। घबराए ग्रामीणों ने गांव जाकर लोगों को सूचना दी। मंगलवार को वन विभाग की टीम ने गांव पहुंची। ग्रामीणों से तेंदुए की जानकारी लेते हुए सतर्कता बरतने की बात कही। जानकारी के मुताबिक गांव लंबिया निवासी किसान रवींद्र सोमवार सुबह करीब सात बजे बैलगाड़ी से खेत से चारा लेकर घर लौट रहे थे। बीच रास्ते में पहुंचे तो पास के खेत से निकल कर एक तेंदुआ रास्ते में आकर खघ्ड़ा हो गया। तेंदुए को बिल्कुल पास खड़े देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बिना देरी किए तुरंत बैलगाड़ी को वापस मोड़ लिया। करीब तीन मिनट तक तेंदुआ रास्ता घेरे खड़ा रहा। इसी दौरान गांव निवासी दीपांशु शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। दोनों ने मोबाइल के जरिए जंगल में तेंदुए के होने की जानकारी ग्रामीणों को दे दी। थोड़ी देर में गांव के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। जंगल में काफी तलाश किया लेकिन तेंदुआ जब तक वहां से जा चुका था।

# स्ट्रीट लाइट लगाते पालिका कर्मियों को पीटा

## कार्रवाई न होने पर आंदोलन की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला गंगानगर में स्ट्रीट लाइट का कार्य करने गए नगर पालिका के विद्युत कर्मचारियों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए 10 स्ट्रीट लाइटें और 500 रुपये भी छीन लिए। घटना से निकाय कर्मचारियों में रोष फैल गया। कर्मचारियों ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार बीते दिन सोमवार को शाम 4:00 बजे नगर पालिका के विद्युत कर्मचारी वीरपाल, महेश, कपिल, निशांत, रोहित एवं कविन्द्र सिंह मोहल्ला गंगानगर में स्ट्रीट लाइट का काम कर रहे थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने वहां पर आकर इन्हें काम करने के रोका, जब कर्मचारियों ने उनसे काम रुकवाने का कारण पूछा तो बजाए कुछ बताने के आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया गया। आरोपियों ने पालिका कर्मियों से 10 स्ट्रीट लाइटें और निकाय चालक से 500 रुपये भी छीन लिए। कर्मचारियों ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। कर्मचारियों की ओर से पुलिस को तहरीर देकर घटना में शामिल संदीप एवं अन्य चार पांच आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने निकाय कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है



## मेरठ के परिक्षितगढ़ में कब्रिस्तान की जमीन कब्जायी

# मुखिया गुर्जर समेत पांच साथियों पर रिपोर्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से 2022 में सपा से चुनाव लड़े मुखिया गुर्जर समेत उनके पांच साथियों के खिलाफ मेरठ में मुस्लिमों के कब्रिस्तान कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

बताते चलें कि 2022 में हसनपुर विधानसभा से सपा ने मुखिया गुर्जर को चुनाव लड़ाया था तथा एकमुश्त मुसलमानों ने उनके पक्ष में मतदान किया था। वह भाजपा के महेन्द्र सिंह खड़गवंशी से 22 हजार 382 वोटों से चुनाव हार गये थे। इसके बावजूद सपा नेता मुखिया गुर्जर का रवैया मुस्लिम विरोधी बना रहा। ताजा मामला मेरठ के थाना परिक्षितगढ में किठोर स्टैंड के नजदीक का है। जहां खसरा नम्बर 1468 कब्रिस्तान की भूमि है जिसका रकवा 510 वर्ग मीटर है तथा जिसका वक्फ नम्बर क्रमांक 5 गजट 277 है। यहां मुस्लिमों के पुरखों की कब्रे हैं। इस जमीन की कीमत करोड़ो में है। यहां के मुस्लिमों का आरोप है कि सपा नेता मुखिया गुर्जर की नजर इस कीमती जमीन पर कई महीने से गड़ी थी। इसी साल 22 मई को सपा नेता मुखिया गुर्जर ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर कब्रिस्तान में मिट्टी डालकर भराव कर अपना कब्जा जमा लिया। जब मुस्लिमों ने सपा नेता मुखिया गुर्जर से कब्रिस्तान की भूमि से कब्जा हटाने को कहा तो आरोप है कि उसने जान से मारने व झूंठे मामले में फंसाने की धमकी दी। मुस्लिमों ने इसकी शिकायत मेरठ के एसएसपी डा. विपिन टांडा से की। एसएसपी के आदेश पर सपा नेता मुखिया गुर्जर व उसके पांच साथियों के खिलाफ कब्रिस्तान की जमीन कब्जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# दुआ करो के वो मुजरिम कभी बहाल न हो...

## ईद मिलादुन्नबी पर नातिय महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जश्ने ईद-ए-मिलादुननबी के सिलसिले में सोमवार रात नातिया महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने रसूले खुदा की शान में एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर श्रोताओं की खूब दाद हासिल की।

शहर के मोहल्ला नौबतखाना में स्व. डा.मोहम्मद अहसान हुसैन के आवास पर सजी महफिल की अध्यक्षता इंजीनियर दानिश सिद्दीकी ने तथा संचालन मास्टर असलम उस्मानी व शीबान कादरी ने संयुक्त रूप से किया। खिताब करते हुए आलिमेदीन मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने अपनी जिंदगी को सीरत-ए-नबी के सांचे में ढालने की सीख दी। कहा कि ऐसा करने से ही हमारे घरों में मोहब्बत, मोहल्लों में अमन और समाज में इंसाफ कायम हो सकता है। सीरत का पैगाम ये ही है कि हम झूठ, नफरत और जुल्म से दूर रहें और सच, मोहब्बत और इंसाफ को अपना शियार बनाएं। इससे पूर्व महफिल का आगाज तिलावते कुरआन से कारी अहसान उल्लाह ने किया। जिसके बाद नातिया नशिसत में मशहूर शायरों ने नात शरीफ का नजराना बारगाहे रिसालत में पेश किया। डा.जमशेद कमाल ने कहा...मेरी निगाहें तखययुल है उनकी उंगली पर, वो और होंगे जो टुकड़े कमर के देखते हैं। जुबैर इब्ने सैफी ने पढ़ा...दरे नबी पे जिसे कैद कर के रखा जाए, दुआ करो के वो मुजरिम कभी बहाल न हो। डा. लाडले रहबर ने कहा...तबसरा कौम पे करना है तो ये लाजिम है,पहले खुद अपना भी किरदार संवारा जाए। मौलाना साद अमरोहवी ने यूं पढ़ा...नात लिखना तो हकीकत में बहुत भारी है, वो तो रब का है करम फैज-ए-नबी जारी है। इस दौरान महबूब हुसैन जैदी, नईम-उल-हक, डा.जफर महमूद, खुर्शीद हैदर जैदी, चंदन नकवी, अली इमाम रिजवी, हाजी खुरशीद अनवर, मंसूर अहमद. कमर नकवी, मरगूसिद्दीकी, नासिर फारूक, उवैस मुस्तफा रिजवी मौजूद रहे।

# कमजोर बच्चों को उपयुक्त पोषण उपलब्ध कराएं

## डीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता ने मंगलवार को मिशन-100 के तहत जोया ब्लॉक क्षेत्र के गांव पूरनपुर में आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण किया। उन्होंने अपने सामने बच्चों का वजन कराने के साथ हाइट का मापन कराया। छोटे बच्चें प्रीत और भूमि का अन्नप्राशन किया। उपस्थित अन्य बच्चों को फल भी वितरित किए। माताओं को अपने स्वास्थ्य के साथ बच्चों की डाइट का भी विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र पर हर महीने मिलने वाले राशन वितरण के संबंध में जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को समय पर राशन वितरित करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कमजोर और नाटे बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें उपयुक्त पोषण उपलब्ध कराना है। इस दौरान डीएम ने बच्चों के माता-पिता से वार्ता की और उनकी आर्थिक स्थिति को देखा। आर्थिक रूप से कमजोर बच्च के परिवार के सदस्य का मनरेगा कार्ड और राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिये। कमजोर बच्चों के माता-पिता को सलाह दी गई कि आपके बच्चे का एनआरसी में 14 दिन फी में इलाज हो सकता है वहां इन्हें भर्ती कराया जाये। आंगनबाडी कार्यकत्री को निर्देश दिये कि सैम/मैम बच्चों का वजन एवं हाईट की नियमित जांच कराई जाये। निरीक्षण के समय जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश सिंह, सीडीपीओ संजीव सिंह, आंगनबाडी कार्यकत्री जैनब, सहायिका सविता और संबंधित उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गई गणेश शोभायात्रा

## गणपति बप्पा मोरिया के नारे गूंजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री गणेश सेवा समिति द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर श्री गणेश शोभायात्रा भव्य तरीके से निकाली गई। शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने भगवान गणेश जी की आरती उतार कर तथा फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। मंगलवार को शोभायात्रा नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ हुई। नगर के पुराना अस्पताल रोड, पुराना डाकघर, पुरानी जमा मस्जिद से होती हुई शिव मंदिर रहरा रोड, महाराणा प्रताप की मूर्ति वाले तिराहे से वापस होती हुई मुख्य बाजार, इंदिरा चौक, होली चौक मोहल्ले से निकल कर शिवाला मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। वही गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। पुराने डाकघर पर व्यापारियों द्वारा एवं नगर के रहरा रोड पर गिरिराज मार्बल के फाटक में गणेश शोभा यात्रा में शामिल लोगों को भोजन कराया गया। शोभायात्रा में अग्रवाल बैंड दिल्ली, फरीदाबाद का भारत बैंड, घोड़ी घोड़ा डांस एवं एटा से आई दर्जनों स्वयं चलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर श्री गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार, महामंत्री रिशु अग्रवाल उर्फ बिट्टू, मोहित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नीरज कुमार, अंकुर अग्रवाल तथा प्रतीक गोयल, वरुण अग्रवाल मौजूद रहे।

# शूटिंग में आठवें दिन भारत को आठ पदक

एशियाई शूटिंग चैंनियनशिप

- **महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता**
- **तीन गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते, 28 गोल्ड 10 सिल्वर व 12 बॉन्ज के साथ टॉप पर भारत**



**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा। जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया। इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25, 24, 23, 22, 24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओ. लिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ।

## मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

- **संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफील्ड यूनाटेड किंगडम भेजा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है।

यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है।

यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितम्बर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है।

### खेल विशेष

## वाडा ने 280 रूसी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाए

**मॉस्को, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि उसने मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला के डेटाबेस के आधार पर 280 रूसी एथलीटों के खिलाफ दोषी करार दिया है। इस बीच, वाडा की ऑपरेशन एलआईएमएस जांच, जो 2019 में मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला से वाडा खुफिया और जांच द्वारा प्राप्त आंकड़ों और नमूनों पर आधारित थी, के नतीजे लगातार मिल रहे हैं। 280 मामलों में सफलतापूर्वक दोषसिद्धि हुई है, और सभी मामलों की आगे की जांच के बाद और भी मामलों में दोषसिद्धि होने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि फैसलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 29 अन्य मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है, और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के 13 मामलों की जांच चल रही है।

## आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

**मस्कट, वार्ता।** ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाक, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और विंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे सुफियान, ज़िक्रिया, फैसल व नदीम खान, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा।

## यूएस ओपन के दूसरे राउंड में अल्काराज

- **दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने सभी 20 सर्विस पांइट जीते और केवल 3 मिस किए**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने दूसरे यूएस ओपन खिताब की अपनी तलाश की शुरुआत आत्मविश्वास से की और आज आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

नए हेयर स्टाइल के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे स्पेनिश स्टार ने एटीपी टूर के सबसे मजबूत सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपनी एकाग्रता और सटीकता का परिचय दिया। शुरुआती सेट में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया, अपने सभी 20 सर्विस पॉइंट जीते और केवल तीन बार पहली सर्विस मिस की। अपनी तेज सर्विस के बावजूद, ओपेल्का को उस दौर में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को परेशान करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। अमे. रिकी खिलाड़ी ने अगले दो सेटों में अपना स्तर बढ़ाया और तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन अल्काराज के लचीलेपन और समय पर शॉट लगाने से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी चूक न हो। तीसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर एक महत्वपूर्ण पासिंग शॉट ने निर्णायक ब्रेक का रास्ता तैयार कर दिया, जिसने ओपेल्का की किस्मत को पूरी तरह से तय कर दिया। सीधे सेटों में मिली जीत का मतलब था कि अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में अपना बेदाग रिकॉर्ड 19-0 तक पहुंचा



दिया। पिछले साल के यूएस ओपन में डचमैन बोटिक वैन डे ज़ैंडशुल्प से दूसरे दौर में मिली चैंकाने वाली हार को छोड़कर, अल्काराज 2022 में न्यूयॉर्क में ट्रॉफी जीतने के बाद से लगातार हर बड़े टूर्नामेंट के कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इस सीजन में टूर पर सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

अब उनके नाम टूर में सबसे ज्यादा 55 जीत और 2025 में छह खिताब हैं, जिनमें रोटर्डम और सिनसिनाटी में हार्ड-कोर्ट खिताब भी शामिल हैं।

## भारत एशिया कप जीतेगा: सहवाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा।

एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा कि हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे। भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर



नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी-20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी-20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे। हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि टी-20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी-20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता। टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी-20 चयनकर्ता है।

## मुचोवा ने वीनस को हराया



- **कैरोलिना मुचोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने अनुभवी वीनस विलियम्स की कड़ी चुनौती को पार करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो संस्करणों में सेमीफाइनलिस्ट रहीं मुचोवा को फ्लशिंग मीडोज में रिकॉर्ड 25वें एकल अभियान में भाग ले रही 45 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल करने में दो घंटे लगे। दो बार की चैंपियन विलियम्स ने दूसरे सेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई, लेकिन निर्णायक सेट में वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं क्योंकि चेक खिलाड़ी ने अंतिम सात में से छह गेम जीतकर नियंत्रण हासिल कर लिया। विलियम्स ने पहली बार 1997 में यूएस ओपन खेला था, 2000 और 2001 में खिताब जीते और 2017 में फाइनल में पहुंची। सोमवार का मुकाबला इस आयोजन में उनका 101वां एकल मैच था, जिसमें उनके नाम 79 जीत दर्ज हैं। इस बीच, नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबा. कना ने अमेरिकी वाइल्डकार्ड जूलियट पारेजा को 6-3, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### हार के बाद क्वितोवा ने संन्यास लिया

**वाशिंगटन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलांड़ी, जिन्होंने विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

## रुब्लेव, रूड और टियाफो यूएस ओपन के दूसरे दौर में

- **रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पाइंट प्रत्येक सेट में एक का उपयोग किया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रूस के आंद्रेई रुब्लेव, नॉर्वे के कैस्पर रूड और घरेलू प्रबल दावेदार फ्रांसेस टियाफो ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव, जो यहां चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने अपने पहले मैच में क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पॉइंट-प्रत्येक सेट में एक-का उपयोग किया और दो घंटे तक चले मुकाबले को फोरहैंड वॉली विनर के साथ समाप्त किया। यूएस ओपन में अब तक 25 जीत हासिल कर चुके 27 वर्षीय रुब्लेव अगले दौर में अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी ट्रिस्टन बॉयर से भिड़ेंगे। पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड, जो न्यूयॉर्क में 2022 के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे, ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ऑफनर को 6-1, 6-2, 7-6(5) से आसानी से हरा दिया।



नॉर्वेजियन खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ऑफनर ने 43 अनफोर्स्ड एरर कीं, और रूड ने तीसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में जीत हासिल की। बाएं घुटने की चोट के बाद वापसी करने वाले रूड का सामना दूसरे राउंड में बेल्जियम के राफेल कॉलिग्नन से होगा। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त फांसेस टियाफो ने न्यूयॉर्क में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 7-6(6), 6-3 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने 19 ऐस लगाए और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट पॉइंट बचाकर लगातार आठवें साल कम से कम दूसरे राउंड में पहुंचने का अपना सिलसिला जारी रखा।

### नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फेंस में कहा, ष्नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है।

## कॉक्स-जैक्स ने इनविंसिबल्स को सीधे फाइनल में पहुंचाया

- **इनविंसिबल्स के बल्लेबाजों ने 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया**

**लंदन, वार्ता।** ओवल इनविंसिबल्स ने ओवल में अपने शहर के प्रतिद्वंद्वी लंदन स्पिरिट को 22 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इस शानदार जीत ने उनका शीर्ष स्थान और सीधे फाइनल में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर दिया है।

इनविंसिबल्स के बल्लेबाजी क्रम की मजबूती और ताकत ने स्पिरिट द्वारा रखे गए 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इनविंसिबल्स का रन रेट (1-786) पीछा कर रही दोनों टीमों - ट्रेंट रॉकेट्स (0-441) और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स (0-282) से कहीं बेहतर है। बल्लेबाजी में उतरी स्पिरिट ने जेमी स्मिथ के जरिए तेज शुरुआत की, जिन्होंने पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। स्मिथ शुरुआती ओवरों में आक्रामक रहे और लगातार बाउंड्री लगाते रहे, जबकि डेविड वार्नर दूसरे छोर पर डटे रहे। लेकिन 17वीं और 23वीं गेंद के बीच के एक घटनापूर्ण दौर में तीन चौके लगे और दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गए, जिससे इनविंसिबल्स फिर से मुकाबले में आ गए।

ओली पोप भी जल्द ही सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जिससे स्पिरिट ने 50 रन के अंदर तीन विकेट खो दिए। केन विलियमसन और एश्टन टर्नर ने एक साथ शुरुआत की, लेकिन लय हासिल करने में नाकाम रहे, और लगभग एक रन प्रति गेंद की दर से रन बनाते रहे। नाथन सॉटर की चालाकी का शिकार होकर दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, जिससे स्पिरिट टीम और पीछे छूट गई।

## फिडे विश्व कप-2025 गोवा में होगा

- **दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** फिडे शतरंज विश्व कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे। यह नॉकआउट टूर्नामेंट 206 खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में 20,00,000 अमेरिकी डॉलर और तीन प्रतिष्ठित स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हर राउंड जीतो या घर जाओ वाला है, जिससे यह विश्व कप कैलेंडर के सबसे नाटकीय टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। यह 8 राउंड का नॉकआउट प्रारूप होगा और शीर्ष 50 वरीयता प्राप्त टीमें दूसरे राउंड से प्रवेश करेंगी। इसमें दो क्लासिकल मैच होंगे, अगर रैपिड और ब्लिट्ज प्लेऑफ बराबरी पर रहे तो शीर्ष तीन टीमें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुनने के कारण के बारे में, फिडे ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि गोवा के शानदार समुद्र तट, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरा आतिथ्य इसे इस वैश्विक मुकाबले के लिए एक रोमांचक पृष्ठभूमि बनाते हैं। खिलाड़ी और प्रशंसक विश्व स्तरीय शतरंज का अनुभव करेंगे, साथ ही एक ऐसे गंतव्य का भी, जो अपनी ऊर्जा और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पिछले साल, डी गुकेश विश्व चैंपियन बने, जबकि भारतीय टीमों ने ओपन और महिला दोनों श्रेणियों में शतरंज ओलंपियाड जीता। यह गति इस जुलाई में भी जारी रही, जब महिला विश्व कप में दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने ट्रॉफी जीती और दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा। गोवा में ओपन विश्व कप का आयोजन इन सफलताओं को और आगे बढ़ाता है और स्थानीय प्रशंसकों को अपने सितारों को घरेलू मैदान पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते देखने का अवसर प्रदान करता है। फिडे के अध्यक्ष अर्कांडी ड्वोर्कोविच ने कहा कि भारत उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उत्साही प्रशंसकों के साथ सबसे मजबूत शतरंज देशों में से एक बन गया है। इस साल की शुरुआत में जॉर्जिया में आयोजित फिडे महिला विश्व कप की सफलता के बाद, हमें फिडे विश्व कप को गोवा में लाने पर गर्व है।

उन्होंने आगे कहा कि इसमें 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है और यह शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक देखे जाने वाले आयोजनों में से एक होगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कह कि यह भारतीय शतरंज के लिए गर्व का क्षण है और हम एक ऐसा आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे प्रशंसकों के जुनून और हमारे महासंघ की व्यावसायिकता, दोनों को प्रतिबिंबित करे।

## हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल

- **विहारी काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं और हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल हुए हैं। विहारी हालिया समय में काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं। हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

त्रिपुरा की तरफ से खेलने के लिए उन्हें आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) भी मिल चुका है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार त्रिपुरा की टीम से विहारी का अनुबंध फिलहाल एक सीजन के लिए है। हालांकि इसमें यह भी विकल्प है कि आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि विहारी सभी प्रारूपों में हिस्सा लेना चाहते थे और आंध्र की टीम इसे लेकर किसी भी तरह का वादा या सहमति नहीं जता रही थी।

विहारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि मैं तीनों प्रारूप खेलने के काबिल हूं। मैं चाहता था कि मुझे कुछ और अवसर मिले और उसके लिए काफी उत्साहित भी था। हालांकि आंध्र की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे टी20 के लिए युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाएंगे। इस कारण से मेरे लिए निजी तौर पर 50 ओवर की क्रिकेट मायने नहीं रखती थी।

इसलिए मैंने विजय हजारे ट्रॉफी से भी जानबूझकर खुद को अलग कर लिया था। साथ ही मेरी इच्छा थी कि मैं अब एक नए माहौल में खेलूं। जैसे ही विहारी ने त्रिपुरा क्रिकेट के लिए खेलने का निर्णय लिया और उन्हें एनओसी भी मिल गई, उसके बाद से आंध्र की टीम और उनके बीच जो मामूली उथल-पुथुल थी, वह भी समाप्त हो गई। 2023-24 के रणजी सीजन के बाद विहारी और एसीए के बीच मतभेद हुआ था।

तब विहारी ने कहा था कि उन्हें 'अपमानित और शर्मिंदा' महसूस कराया गया था। उस समय विहारी ने आरोप लगाया था कि टीम में ष्राजनीतिक दखल के कारण वह कप्तानी छोड़ रहे हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 27 अगस्त 2025

# राहुल गांधी के सवाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय महागठबंधन के तहत वोट अधिकार यात्रा बिहार में निकाल रहे हैं। उन्हें भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है। अब यह कितना सही है और कितना गलत यह तो तभी पता चलेगा जब इस प्रकरण की जांच हो, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि वोटों के फर्जीवाड़े को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल उछाले हैं, उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से वह बेहद गंभीर मामले की श्रेणी में आते हैं, आखिर जब चुनाव प्रक्रिया ही दूषित हो जाएगी तो फिर उससे बनने वाली सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी।

जिस तरह केंद्रीय सरकार चुनाव आयोग के बचाव में लगी है। उसे भी कहीं से स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। होना तो यह चाहिए था कि नेता प्रतिपक्ष के हर सवालों के जवाब को ढूंढने की कोशिश की जाती, लेकिन हो इसके उलट रहा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट मोदी की सुनियोजित योजना का हिस्सा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय मनमानी की जाती है और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती। राहुल का कहना है कि पीएम तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। राहुल की बात में यहां दम दिखाई देता है, क्योंकि इलेक्शन कमिश्नर चुनाव के लिए जो सरकार ने प्रक्रिया अपनाई है, उससे बिल्कुल साफ है कि इलेक्शन कमिश्नर वही बनेगा जिसको सरकार चाहेगी, क्योंकि तीन सदस्य कमेटी में जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, उसके दो सदस्य एक कैबिनेट मंत्री होता है और तीसरा विपक्ष का नेता, तो ऐसे में 2-1 से फैसला जिसके पक्ष में जाएगा वह इलेक्शन कमिश्नर बनेगा। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि साल 2023 में एक नया कानून बनाया, जिसमें कहा गया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस कानून को राहुल गांधी वोट चोरी करवाने के संदर्भ में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अभी तक इस पूरे मामले में सरकार बैकफुट पर दिखाई दे रही है और उस तरह के जवाब सरकार की तरफ से नहीं आ रहे हैं, जिस तरह के जवाबों की उनसे दरकार है। राहुल गांधी कई उदाहरण भी पेश कर रहे हैं, उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंटर में 7 विधानसभा सीट हैं अगर एक को हटा दें, तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी, लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। राहुल गांधी यह भी कह रहे हैं कि अब उनके समझ में आ रहा है कि अमित शाह किस आधार पर यह कहते हैं कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। उन्होंने कहा जब मैंने पहली बार उनके मुख से यह बात सुनी थी, तब मैं हैरत में पड़ गया था कि आखिर वह ऐसा कैसे कह सकते हैं। बात सही भी है कोई भी पहले से यह तय नहीं कर सकता कि अगली सरकार किसकी बननी है, लेकिन भाजपा के नेता डंके की चोट पर सरकार बनने के दावे करते रहते हैं। इससे पहले कि जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से डगमगाए, राजनेताओं को चाहिए कि वह तमाम दलगत राजनी. ति से ऊपर उठकर पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अपनाने पर ध्यान लगाएं।

## भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा



मैं नक्सल समर्थक बिल्कुल नहीं और भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा है, सलवा जुडूम का फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला था और वह माओवादियों के पक्ष में नहीं था, अगर ऐसा होगा, तो अब तक इसे चुनौती क्यों नहीं दी गई, उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों-मंत्रियों को पत्र लिखकर अपने लिए समर्थन मांगूंगा, अगर मैं चुना जाता हूं, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान की रक्षा करना होगी, सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता, उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है, किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए।

**-बी सुदर्शन रेड्डी, उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी, विपक्ष**

# एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा





यशोदा श्रीवास्तव

राहुल गांधी की बिहार में वोट अधिकार यात्रा का फायदा आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को कितना हो पाता है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस यात्रा से एक बात यह सामने आई है कि राहुल गांधी के पिछले बिहार यात्राओं के बनिस्बत इस बार की यात्रा में जनता का समर्थन भरपूर है, साथ ही उनके भाषणों को जनता खूब सुन रही है।

जाहिर है राहुल की इस यात्रा में भीड़ कहीं न कहीं से जुटाई ही जा रही होगी, लेकिन उसे कोई प्रलोभन दिया जा रहा हो, ऐसा नहीं है। बिहार में फिलहाल अभी तक राहुल जहां जहां गए वहां की सच्चाई यही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का वोट चोरी का मुद्दा जमीनी है जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। राहुल गांधी के बिहार में वोट अभियान यात्रा को लेकर संशय था कि इसमें पप्पू यादव कहां हैं? दरअसल वोट अधिकार यात्रा में राहुल और तेजस्वी यादव ही दिखते थे। यह अलग बात है कि यदा-कदा गठबंधन के कुछ और सहयोगी भी दिख जाते थे। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी के नेतृत्व वाली वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने इस सवाल पर विराम लगा दिया।

पप्पू यादव की लालू यादव परिवार से मतभेद जगजाहिर है। पूर्णिया से पप्पू यादव के निर्दल चुनाव लड़ने के पीछे लालू यादव ही थे जिन्होंने उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं लेने दिया जबकि राहुल गांधी टिकट देना चाहते थे। बहरहाल पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास कराया ही, तेजस्वी यादव को बिहार का जननायक बताते हुए उनका शानदार खैरमकदम भी किया। इसे लालू और पप्पू यादव के बीच सब कुछ ठीक ठाक हों जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि पप्पू यादव और लालू यादव परिवार की कटुता पर विराम लगने से बिहार में कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को फायदा मिल सकता है।

बिहार की राजनीति में पप्पू यादव एक मजबूत स्तंभ हैं। सबसे कम उम्र में उन्हें विधायक होने का भी तमगा हासिल है और सर्वाधिक बार निर्दलीय सांसद होने का भी खिताब इन्हीं के हिस्से है। बिहार की राजनीति मुख्यत: लालू यादव की पार्टी आरजेडी और नीतीश कुमार की जदयू के इर्द-गिर्द ही सिमटती दिखती है। इनके साथ गठबंधन में चाहे जो हो, उनको यदि फायदा मिलता है तो इन्हीं के बदौलत। हां जदयू गठबंधन की मुख्य सहयोगी भाजपा इस बार कुछ अलग करने की कोशिश में जरूर है। पप्पू यादव कभी लालू यादव के खासमखास थे। 2004 में वे राजद उम्मीदवार के रूप में ही मधेपुरा से लोकसभा का उपचुनाव जीते थे। सपा से भी एक बार सांसद चुने गए थे। 2015 में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी जन अधिकार पार्टी। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी भारी ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। बता दें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्य सभा की सांसद हैं। कोरोना हो या बाढ़ हर वक्त लोगों के बीच मौजूद रहने वाले पप्पू यादव को झटका लगा जब वे 2020 के विधानसभा चुनाव में खुद ही हार गए। यह अचरज की बात है कि विधानसभा चुनाव में खराब रिकॉर्ड वाले पप्पू यादव लोकसभा का चार चुनाव निर्दल जीतने में कामयाब होते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर लिया था। उनकी इच्छा पूर्णिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की थी। आरजेडी ने इस पर पानी फेर दिया था लिहाजा उन्हें निर्दल लड़ना पड़ा। वे जीते भी। पूर्णिया में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान पप्पू यादव और तेजस्वी यादव के बीच कटुता समाप्त होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस खासकर राहुल गांधी स्वयं चाहते थे कि बिहार की राजनीति में ताकतवर दोनों यादव परिवार एक हों।पूर्णिया में पप्पू यादव और तेजस्वी के बीच मेल मिलाप देख दोनों दलों के नेताओं को खुशी हुई है। लोगों का आकलन है कि विधानसभा चुनाव में बिहार के सीमांचल में इसका फायदा कांग्रेस गठबंधन को मिलना चाहिए। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन भले ही है या ये दोनों लंबे समय तक साथ रहना चाहते हों लेकिन कांग्रेस बिहार में अपनी मजबूती के लिए लगातार संघर्षरत है। कुछ दिन पहले बिहार में कांग्रेस ने एक और आंदोलन किया था षरोजगार दो या गद्दी छोड़ोष। इस आंदोलन की रूपरेखा बिहार के युवा प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तैयार की थी। बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह कार्यक्रम काफी कामयाब रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के नाम. चीन कांग्रेस नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले कन्हैया कुमार ने युवाओं के रोजगार और पलायन के मुद्दे पर बिहार भर की पद यात्रा की थी। चुनाव के ठीक पहले बिहार में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को वोट अधिकार यात्रा की जरूरत बैठे बिठाए चुनाव आयोग ने दे दी एस आई आर के बहाने। विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले चुनाव आयोग का यह फैसला चौंकाने वाला था। एस आई आर के जरिए बिहार के 65 लाख वोटर मताधिकार से मरहूम कर दिए। नया वोटर लिस्ट बनाने में गड़बड़ियों का पहाड़ खड़ा किया गया। चुनाव आयोग इसे अपनी गलती मानने से लाख इनकार करे, पहाड़ जैसी यह गलती हुआ तो उसी के नेतृत्व में है। बस यही वह वजह है कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट अधिकार यात्रा को निकल पड़ा। इस यात्रा में मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर ऐसी मारक टिप्पणी पिछले दस सालों में शायद ही कभी सुनी गई हो। राहुल और तेजस्वी के ऐसे तीखे भाषणों की यद्यपि कि आलोचना भी हो रही है लेकिन बिहार के श्रोताओं को भाषणबाजी की शायद यही शैली पसंद है। एस आई आर की बात करें तो वोटरों के इस छान बीन में जिन 65 लाख छांटें गए लोगों को लेकर बहस और हल्ला गुल्ला मचा है,उस पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि ए छंटनी न भी हो तो भी इसका फायदा विपक्ष को नहीं मिलने वाला।कम से कम पिछले तीन लोकसभा चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो भाजपा ही ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करती हुई नजर आएगी।। यही हाल विधानसभा चुनावों का भी रहा है। फिर ऐन विधानसभा चुनाव के वक्त चुनाव आयोग को एस आई आर की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इस बार जदयू भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता से हटने का डर था? यह लंबी बहस का विषय है। हां यह जरूर है कि भाजपा को जिस जिस प्रदेश में सत्ता से दूर होने का खतरा हुआ, भाजपा वहां हर हाल जीतने को पूरी ताकत झोंक देती है। महाराष्ट्र और हरियाणा इसका उदाहरण है। बिहार में भी ऐसा न हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिहार में वोटरों की छंटनी पर बिहार की महिला कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का कहना है कि छांटे गए वोटर किसको वोट करेंगे,सवाल यह नहीं है, हमारी लड़ाई वोट के अधिकार की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खानपान से कविता तक राज करती है उर्दू

**सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।**



डा. सैयद अहमद खान

उर्दू यह सिर्फ एक जुबान नहीं, बल्कि तहजीब की नर्मी, मुहब्बत की मिठास और संस्कृति की जड़ में बहती वह धारा है, जिसने हिंदी को हमेशा संवारकर रखा है। हिंदी और उर्दू का रिश्ता बहनापे का है। एक के बिना दूसरी अधूरी है, लेकिन अफसोस कि आज की नफरती हवाओं में इस रिश्ते को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं। उर्दू को एक खास मजहब, एक खास तबके की जुबान बताकर हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह भूल है, क्योंकि उर्दू को मिटाना, दरअसल अपनी ही संस्कृति को मिटाना है।

## रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू

सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।

## कविताओं और शायरी का जादू

हिंदी कविताओं का रंग अधूरा है अगर उसमें उर्दू का तिलिस्म न हो। मंचों पर गूंजती कविताएं हों या फिल्मों के गीत हर जगह जज्बात, ख्वाब, आरजू जैसे अल्फाज कानों को छूते हैं और दिल में उतर जाते हैं। यही उर्दू का जादू है, जो कविता को सुर देता है और शायरी को रूह।

## स्वाद की दुनिया में उर्दू

जरा पुरानी दिल्ली की गलियों में चलिए अगर वहां से उर्दू हटा दी जाए तो न दुकानों के नाम बचेंगे, न पकवानों की पहचान। जलेबी का खमीर न हो तो मिठास कैसे बनेगी? बिरयानी, कोरमा, कबाब, निहारी इन नामों के बिना तो हमारी थालियां बेरौनक हो जाएंगी। उर्दू सिर्फ किताबों की भाषा नहीं, वह हमारे जायके में भी है, हमारी महक में भी है। वाकई, यह भाषा मिटती नहीं, क्योंकि यह हर दिल में जिंदा है।

## नफरत नहीं, मुहब्बत की जुबान

सच्चाई यही है कि उर्दू और हिंदी का रिश्ता तोड़ना किसी हुकूमत के बस की बात नहीं। यह रिश्ता जुबानों



का ही नहीं, बल्कि तहजीब और मोहब्बत का है। नई पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि जिन व्यंजनों का वह लुत्फ उठाती है, जिन गीतों की धुन पर झूमती है उनमें उर्दू की रूह बसी है। इसलिए जरूरत नफरत को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उर्दू को गले लगाने की है। क्योंकि हिंदी और उर्दू साथ हों, तो हमारी जिंदगी की जुबान और भी रंगीन, और भी खुशबूदार हो जाती है।

(लेखक उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भरपेट संतुलित भोजन कई बीमारियों के लिए टीके से कम नहीं

यह तो जानी-मानी बात है कि जीवित रहने, स्वास्थ्य और बीमारियों के बचाव के लिए पोषण अनिवार्य है। 1970 के दशक में यह तक कहा गया था कि निमोनिया जैसे सांस सम्बंधी रोगों, दस्त (डायरिया) व अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध पर्याप्त भोजन ही सबसे कारगर टीका है। यह देखा जा चुका था कि कुपोषण की हालत में पूरक पोषण से संक्रमणों के प्रकोप में कमी आती है। हाल ही में झारखंड में एक परीक्षण किया गया था। रैशन्स यानी रिड्यूसिंग एक्टिवेशन ऑफ ट्यूबरकुलोसिस थ्रू इम्प्रूवमेंट ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेटस अर्थात पोषण की स्थिति में सुधार के जरिए सक्रिय टीबी में कमी। इस परीक्षण ने स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि पूरक पोषण परिवारों में टीबी प्रकोप को 50 प्रतिशत तक कम करता और कुपोषित मरीजों में मृत्यु दर को भी 35-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

टीका भी तो यही करता है कि व्यक्ति को किसी संक्रमण से लड़ने या बीमारी से बचने में मदद करता है और इस लिहाज से पोषण की भूमिका टीके की अवधारणा का विस्तार ही है। 1970 के दशक में पोषण विशेषज्ञ और विश्व स्वास्थ्य संगठन में पोषण निदेशक रहे डॉ. मॉइजेस बेहर ने अपने एक लेख में कहा था, एक ओर तो टीकाकरण या पर्यावरण में सुधार जैसे विशिष्ट उपायों द्वारा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण से समुदाय की पोषण की स्थिति बेहतर होती है। दूसरी ओर, पर्याप्त भोजन संक्रामक रोगों के ज्यादा गंभीर



प्रभावों से सुरक्षा देता हैय उन रोगों के संदर्भ में भी जिनके लिए हमारे पास सटीक या आसान उपाय उपलब्ध नहीं हैं। फिलहाल तो समुचित भोजन ही दस्त, श्वसन तथा अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध सबसे कारगर टीका है। यह बात रैशन्स परीक्षण में प्रत्यक्ष रूप में सामने आई ही है, लेकिन इसके कई ऐतिहासिक प्रमाण भी उपलब्ध हैं। ए प्रमाण हमें बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में हुए कुछ 'कुदरती प्रयोगों' से मिले हैं।

**कुछ अनायास प्रयोग**

यूके में 1918 में टीबी मरीजों की देखभाल और पुनर्वास के लिए पैपवर्थ विलेज सेटलमेंट स्थापित किया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि मात्र सेनेटोरियम उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीबी के मरीजों के लिए रोजगार व सामुदायिक जीवन जैसे सहारे की भी जरूरत होती है। यहां रह रहे सक्रिय टीबी ग्रस्त मरीजों के संपर्क में आए परिवारों में टीबी के प्रकोप में जो 84 प्रतिशत की कमी आई थी, उसके लिए समुचित पोषण को मुख्य कारण माना गया था। आश्चर्य की बात यह थी कि उस दौरान टीबी संक्रमण के कुल प्रसार में कोई कमी नहीं आई थी मगर पोषण ने संक्रमण को बीमारी में परिवर्तित होने से बचा लिया था।

जर्मनी के युद्धबंदी शिविरों में ब्रिटेन तथा रूस के युद्धबंदी सैनिक एक जैसे हालात में रह रहे थे। देखा गया कि ऐसे एक शिविर में मात्र 1.2 प्रतिशत ब्रिटिश सैनिकों में ही टीबी विकसित हुई थी जबकि 15 प्रतिशत रूसी सैनिक टीबी से ग्रस्त हुए। यानी रूसी सैनिकों के मुकाबले ब्रिटिश सैनिकों में टीबी का प्रकोप 92 प्रतिशत कम रहा। इसका कारण इस तथ्य से जोड़कर देखा गया था कि रेड क्रॉस द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण पार्सल (1000 किलोकैलोरी तथा 30 ग्राम प्रोटीन) मात्र ब्रिटिश सैनिकों को मिलता था। ऐसे ही एक अन्य युद्धबंदी शिविर में एक ब्रिटिश डॉक्टर आर्किबाल्ड कोक्रेन ने पाया था कि टीबी का प्रकोप रूसियों में 6 प्रतिशत, फ्रांसिसियों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटिश सैनिकों में शून्य प्रतिशत था। गौरतलब है कि फ्रांसिसियों को भी 1944 के बाद अतिरिक्त फूड पैकेट मिलना बंद हो गया था। युद्धबंदी शिविरों में किए गए इन अवलोकनों के अलावा आम आबादी के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2015-2023 के दरम्यान दुनिया भर में टीबी के प्रकोप में 8.3 प्रतिशत तथा टीबी मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। सवाल यह उठता है कि रासायनिक उपचार और (टीबी के लिए) बीसीजी टीका आने से पहले के दौर में टीबी के प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों की क्या स्थिति थी। पहली बात तो यह है कि यूके जैसे जिन देशों में आज टीबी का बोझ कम है, वहां भी अतीत में टीबी का प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी अधिक था। एक अनुमान के मुताबिक 1851 में यूके में श्वसन सम्बंधी टीबी से प्रति लाख आबादी में 268 मौतें होती थी। और तो और, वहां हर चार में से 1 मौत टीबी के कारण होती थी। गौर करने वाली बात यह है कि यूके में टीबी प्रकोप और मृत्यु में गिरावट रासायनिक उपचार और टीकाकरण जैसे उपाय लागू होने से पहले हो गई थी। 1891 में टीबी से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी और यह मात्र 139 प्रति लाख रह गई थी।

यूके में 1913 में टीबी का प्रकोप प्रति एक लाख आबादी में 300 था और मृत्यु दर प्रति लाख आबादी में 100 थी और 1940 में यह इसकी 50 प्रतिशत रह गई थी। गौरतलब है कि टीबी के लिए रासायनिक उपचार 1947 में उपलब्ध हुआ था। रासायनिक उपचार शुरू होने से पहले यू।के। में टीबी प्रकोप 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम हो रहा था और उपचार उपलब्ध होने के बाद गिरावट की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो गई थी।

1962 में थॉमस मैककिओन का महत्वपूर्ण पर्चा प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने 1850 से 1950 की अवधि में यूके में टीबी सम्बंधी मौतों में गिरावट के विभिन्न कारकों का विश्लेषण किया था। उनका निष्कर्ष था कि टीबी प्रकोप में गिरावट का प्रमुख कारक जीवन स्तर में सुधार, खासकर पोषण में सुधार रहा था। 1850 के दशक के बाद यूके में कामगारों की आमदनी में सुधार हुआ था। यह देखा गया था कि आमदनी में सुधार और श्वसन सम्बंधी टीबी से मृत्यु दर में गिरावट लगभग एक ही दर पर हुए थे। मैककिओन का सुझाव था कि बेहतर पोषण से व्यक्तियों में रोग के विरुद्ध प्रतिरोध पैदा होता है और यह मृत्यु दर में गिरावट का कारण बनता है। इसके पक्ष में उन्होंने कुछ परोक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे।

वैसे नोबेल विजेता रॉबर्ट फोगेल ने 1850 से 1950 के बीच यूके में कैलोरी के उपभोग में वृद्धि के प्रत्यक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे। इसी सम्बंध में एक और प्रमाण यह था कि 1870 से 1970 के बीच ब्रिटेन समेत यूरोपीय लोगों के कद में औसतन 11 सेमी (यानी प्रति दशक 1 सेमी) की वृद्धि हुई थी। कद को किसी भी आबादी के पोषण व जीवन स्तर का एक सूचकांक माना जाता है। इस बात के और भी प्रमाण प्रस्तुत हुए हैं कि यू।के। में टीबी के प्रकोप व मृत्यु दर में कमी का सम्बंध पोषण में सुधार से रहा है।

**पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा**

1968 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक मोनोग्राफ में पोषण व संक्रमण के बीच दो-तरफा सम्बंध की समीक्षा की गई थी। मोनोग्राफ में स्पष्ट किया गया था कि पोषण की स्थिति टीबी समेत कई संक्रमणों की आवृत्ति, गंभीरता और मृत्यु दर पर असर डालती है और संक्रमण अपने तईं पोषण की स्थिति को बदतर करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 देशों की सुंदरियों ने देखा ताजमहल



**आगरा।** सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन इंटरनेशनल की फाइनलिस्ट ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। 25 देशों से आई इन सुंदरियों को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लग गई। मिस टीन इंटरनेशनल विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसमें दुनिया भर से मॉडल्स भाग लेती हैं।


इस बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है और जयपुर में 31 अगस्त को इसका ग्रैंड फिनाले होगा। ग्रैंड फिनाले से पहले आगरा आई फाइनलिस्ट ताजमहल की खूबसूरती देख मंत्रमुग्ध हो गईं। वे हर पल को मोबाइल कैमरों में कैद करती दिखीं। कई पर्यटकों ने भी उनके साथ सेल्फी ली। सुंदरियों ने ताजमहल की खूबसूरती के साथ उसके इतिहास को जानने में भी गहरी रुचि दिखाई। इन सुंदरियों में बोत्सवाना की मार्गरेट नाशा, कनाडा की जीनी अलीशा वेंटूरा, कोलंबिया की वालेरिया मोरालेस वैलेरी, क्यूबा की अमालिया मार्टिनेज, डोमिनिक गणराज्य की एस्मेलिन तेजस, फीजी की निशिका शयाली, फ्रांस की एनेस होल्ट्ज़मैन मिरांडा, जर्मनी की लॉरीना विन्सेटिना, भारत की कजियाह लिज मेजो, जापान की किक्यो स्वाडा, मैक्सिको की ग्रेसिया नोवेलो, नामीबिया की एलेन एंगलब्रेक्ट, नीदरलैण्ड की लियोरा स्मिट, पैराग्वे की फ्लोरें. सिया गोंजालेज, पेरू की अलमेंद्रा लीमास, फिलीपींस की अन्ना मार्गरेट मर्केडो, प्यूर्टो रीको की सबरीना मारिया फेलिसियानो, रोमानिया की मारी घिसे, स्पेन की लोरेना रूइज़, श्रीलंका की थानुशी अमाया, अमेरिका की एलेनिस क्यूवास, वेनेजुएला की तातियाना ज़ाम्ब्रानो बर्मुडे़ज़, वियतनाम की न्युंगा था जुआन माई और जिम्बाब्वे की जूली तुंगामिराई शामिल थीं।

# पाक में आतंकवाद-रोधी अभियान में पांच आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के संयुक्त अभियान में पांच आतंकवादी और एक राहगीर मारे गए और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीटीडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान रविवार को प्रांत के अपर दीर जिले में शुरू किया गया और सोमवार तड़के तक भारी गोलीबा. री जारी रही। बयान में आगे कहा गया है कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादी पुलिस पर पहले हुए एक हमले से जुड़े थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए थे।

# ट्रम्प समर्थक नेता ने फायरगन से कुरआन को लगाई आग

## कहा: ईसाई देशों पर कब्जा कर रहे मुस्लिम, अगर चुनाव जीती, तो इस्लाम का खात्मा कर दूंगी




■ वैलेंटिना ने दिसम्बर 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कुरान (इस्लाम की पवित्र किताब) जलाते हुए नजर आ रही हैं।

वायरल वीडियो में वैलेंटिना कुरान को फायर गन से आग लगाते हुए कहती है कि मैं टेक्सास में इस्लाम का खात्मा कर दूंगी, हे ईश्वर, मेरी मदद करो। मुसलमान, ईसाई देशों पर कब्जा करने के लिए बलात्कार और हत्याएं कर रहे हैं। वैलेंटिना ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा: (मुझे संसद तक पहुंचने में मदद करो, ताकि तुम्हें कभी भी मुसलमानों के फेंके गए पत्थरों का सामना नहीं करना पड़े। वो 2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हैं। वैलेंटिना ने दिसम्बर, 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था। जिसे उन्होंने अप्रवासी के प्रतिक के तौर पर रखा था। इसके साथ ही अमेरिकियों के खिलाफ हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की थी। भड़काऊ बयानों के कारण उनके वीडियो हटा दिया गया और उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया गया था। इस पर वैलेंटिना ने कहा था कि उनके वीडियो पर प्रति. बंध और उनके अकाउंट को इनएक्टिव करना सभी को दिखाता है कि वे सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, क्योंकि वे जैसा देखती हूं वैसा ही कहती है। इसी समय उन्होंने एक वीडियो में एलजीबीटीआईक्यू+ किताबों को जलाने का वीडियो भी शेयर किया था। इसको लेकर उनका दावा है कि ये किताबें बच्चों पर बुरा असर डाल रही हैं। हालांकि, उनकी ये हरकतें वोटरों का समर्थन नहीं जुटा सकीं और वह रिपब्लिकन प्राइमरी में केवल 7. 4 प्रतिशत वोट हासिल कर छठे स्थान पर रहीं थी। अपनी चुनावी हार के बावजूद, गोमेज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, जहां वे राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार जाहिर करती रहती हैं। भड़काऊ बयानों के कारण उन्हें कई बार सोशल मीडिया से बैन भी किया जा चुका है। गोमेज ने दिसम्बर में हारने के बाद टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी।

## टैरिफ विवाद को लेकर जर्मन अखबार का बड़ा दावा

# मोदी ने नहीं उठाया ट्रम्प का फोन





भारत के पीएम ने चार बार बातचीत से किया इन्कार, अमेरिकी डेलीगेशन को भी दिल्ली आने से रोका

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को डेड इकोनॉमी कहने से मोदी नाराज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये काल कब किए गए थे। अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पालिसी और भारत को 'डेड इकोनामी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25 प्रतिशत टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी कल से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बात. चीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इन्कार कर दिया। न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीटयूट के को-डायरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिन. पिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे। दोनों देशों के रिश्ते काफी बेहतर चल रहे थे। यहां तक कि दिल्ली के पास ही ट्रम्प के नाम से लग्जरी टावर बने, जिनके 300 फ्लैट (कीमत 108 करोड़ रुपये तक) एक ही दिन में बिक गए, लेकिन हाल की घटनाओं ने माहौल बदल दिया। ट्रम्प ने भारत को 'डेड इकोनामी' कहकर अपमानित किया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। 2014 में शी जिनपिंग भारत दौरे पर आए थे। इसके कुछ समय बाद ही डोकलाम में दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ गई थी। अखबार में बताया गया है कि मोदी, वियतनाम लीडर और ट्रम्प के बीच हुए विवाद को लेकर भी सतर्क थे। दरअसल, ट्रम्प ने वियतनाम के सुप्रीम लीडर तो लम से टैरिफ मामले को लेकर फोन पर बात की थी।

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है कि जो डयूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, आटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है।

# ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की दी धमकी

■ कहा: मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा
■ हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता: डोनाल्ड ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वाशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता।

अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है। इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवम्बर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव आर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वार चला। ट्रम्प ने चीन पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ। चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की, सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन किसी भी स्थान पर रूस से बातचीत को तैयार: सिबिहा

**मास्को।** यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन किसी भी प्रारूप एवं स्थान पर रूस के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता करने के लिए तैयार है। सिबिहा ने एक्स पर कहा कि हम किसी भी प्रारूप और भौगोलिक क्षेत्र में नेताओं के स्तर पर बैठकें करने के लिए तैयार हैं। सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों और सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत की जिस दौरान वे लंबे समय से चले आ रहे वार्ता के माध्यम से यूक्रेनी संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए।

### फ्रांस ने यहूदी-विरोधी आरोपों पर अमेरिकी दूत को तलब किया

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने यहूदी-विरोधी आरोप लगने के बाद अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनर को तलब किया है। अमेरिकी राजदूत ने फ्रांस पर आरोप लगाया था कि उसने यहूदी-विरोधी भावना से निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी को फ्रांस के आंत. रिक मामलों में हस्तक्षेप माना गया है जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

### ब्रिटेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि आज सुबह आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। विमान में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले, वायु दुर्घटना जांच शाखा ने कहा था कि उसने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



जम्मू-कश्मीर। लगातार बारिश के मद्देनजर जम्मू में बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा के लिए बैठक करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

# गाजा अस्पताल पर इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों की मौत

इजरायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों में अंतराल पर लगातार हमले किए

**दुबई।** गाजा के एक अस्पताल पर दो इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों, चिकित्साकर्मियों और अन्य लोगों की मौत के बाद इज़रायल नेतृत्व की जोरदार निंदा हो रही है। सीएनएन की एक रिपोर्ट में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि सोमवार को किए गए हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर लगातार हमले किए।

नासिर अस्पताल ने बताया कि कुछ ही अंतराल पर किए गए दो हमलों में पत्रकार, स्वास्थ्यकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के लोग मारे गए, जो शुरुआती हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे थे। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में पत्रकारों और वहां पहुंचने वाले लोगों के इन हमलों के मारे जाने की बात स्वीकार की और उनकी मौतों को एक 'दुखद दुर्घटना' बताया। अस्पताल के प्रवक्ता और नर्सिंग प्रमुख डा. मोहम्मद साकर ने बताया कि उन हमलों में पांच पत्रकार और चार स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। इन पत्रकारों में अल जज़ीरा के कैमरामैन मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के लिए काम करने वाले हुसाम अल-मसरी, इस पूरे युद्ध के दौरान एसोसिएटेड प्रेस (एपी) और अन्य मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुकीं मरियम अबू दग्गा और स्वतंत्र पत्रकार मोआथ अबू ताहा और अहमद अबू अज़ीज़ शामिल हैं। गाज़ा के नागरिक सुरक्षा संगठन ने कहा कि हमले में उसके एक कर्मचारी की भी मौत हो गई। इज़रायली हमलों में अस्पताल की एक बालकनी को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल पत्रकार खान यूनिस का ऊपर से नज़ारा देखने के लिए करते थे।

## ईरान ने की गाजा के अस्पताल पर इजरायली हमले की निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के नासिर अस्पताल पर हुए घातक इजरायली हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह हमला एक जघन्य अपराध था जिसमें पांच पत्रकारों सहित कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बघाई ने कहा कि क्रूर बमबारी एक युद्ध अपराध था जिसे इजरायल ने फलस्तीनियों के खिलाफ अपनी नरसंहार योजना के अंतर्गत अंजाम दिया ताकि फलस्तीन को एक राष्ट्र और पहचान के रूप में समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इजरायल द्वारा गाजा और पश्चिमी तट में मानव एवं मानवा. धिकारों के घोर उल्लंघन के प्रति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता शर्मनाक है। उन्होंने फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार को रोकने और इजरायली अपराधियों को दंडित करने की सभी सरकारों की कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

# बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

## देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा, म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी



**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी। इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है। बांग्लादेश के काक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों ने शरोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवसश मनाया। इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था: नो मोर रिफ्यूजी लाइफ (शरणार्थी जीवन अब और नहीं)। इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया। म्यांमार के रखाइल प्रांत में अराकान सेना के दमन से बचने के लिए रोहिंग्या मुसलमान 25 अगस्त 2017 बांग्लादेश के भाग कर आए थे। इन्हें शेख हसीना की तत्कालीन सरकार ने काक्स बाजार में शरण दी थी। उस समय करीब 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश आए थे। वहीं 3 लाख से अधिक शरणार्थी पहले से ही बांग्लादेश में रह रहे थे। वर्तमान में काक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी राजदूत को निष्कासित किया

■ ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरान के राजदूत अहमद सादेघी को निष्कासित कर ईरान में अपने दूतावास को बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा खुफिया संगठन ने देश की संघीय पुलिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई यहूदी समुदाय के खिलाफ कई यहूदी विरोधी हमलों की जांच में पाया है कि इनमें से कम से कम दो हमलों को ईरानी सरकार का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा ये ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता की घटनाएं थीं। यह हमारे समाज पर एक हमला है, जिसका उद्देश्य भय पैदा करना, आंतरिक विभाजन को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को नष्ट करना है। हमारे समाज पर ये हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसके जवाब में कड़ी और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हमने ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राज. दूत को सूचित कर दिया है कि उन्हें और तीन अन्य ईरानी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। हमने तेहरान स्थित अपने दूतावास में कामकाज स्थगित कर दिया है और हमारे सभी राजनयिक अब किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए भी कानून पारित करेगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108